# ISMAIL NATIONAL MAHILA PG COLLEGE, MEERUT

# MEDIA COVERAGE

# 2021 - 22

**AMAR UJALA NEWS PAPER**

**DATE : 12.01.2021**

**PAGE NO : 05**

### हफीज मेरठी की रचनाएं सुनाकर उन्हें याद किया

**मेरठ।** इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में सोमवार को उर्दू विभाग की ओर से हुए आयोजन में छात्राओं ने हफीज मेरठी की रचनाएं सुनाकर उन्हें याद किया। आयोजन में डॉ. यूनुस गाजी पूर्व एचओडी उर्दू विभाग मेरठ कॉलेज मुख्य अतिथि रही। डॉ. फौजिया बानो ने स्वागत किया। डॉ. यूनुस गाजी ने कहा कि फहम व इदराक के रसरमस्त कलंदर थे हफीज, कौन कहता है फक्त एक सुखनवर थे हफीज, इनके किरदार के अशआर को समझोगे अगर, दौर-ए-हाजिर के अदीबों के प्यम्बर थे हफीज। ब्यूरो

**HINDUSTAN NEWS PAPER**

**DATE : 15.01.2021**

**PAGE NO : 07**

### आईएन पीजी कॉलेज में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**मेरठ।** आईएन पीजी कॉलेज में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता में छात्राओं ने विचार रखे। भारतीय राजनीति में युवाओं का भविष्य' विषय पर हुई यह प्रतियोगिता राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा हुई। डॉ.शिवाली अग्रवाल, डॉ.माया, नम्रता शर्मा, सोनिया वर्मा शामिल रहीं। तबस्सुम, निर्मल, हुमा, शीरीन, नेहा, सना ने विचार रखे।

## DAINIK JAGRAN NEWS PAPER

DATE : 14.01.2021

PAGE NO : 07

### 'भारतीय राजनीति में युवाओं का भविष्य' विषय पर चर्चा


मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के राजनीति विज्ञान विभाग में बुधवार को युवा दिवस के अवसर पर वाद- विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे 'भारतीय राजनीति में युवाओं का भविष्य' विषय पर चर्चा हुई। छात्राओं ने विषय के पक्ष और विपक्ष दोनों ही पक्षों को उजागर करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में तबस्सुम और निर्मल प्रथम, एलिमा और अर्शी द्वितीय, सना व दिव्या तृतीय रही। विभागाध्यक्ष डा. शिवाली अग्रवाल, डा. माया और डा. नम्रता शर्मा भी उपस्थित रहीं। -जासं

## AMAR UJALA (MY CITY) NEWS PAPER

DATE : 30.01.2021

PAGE NO : 06

### हिमांशी ने जीती चित्रकारी प्रतियोगिता



मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न डिग्री कॉलेजों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विषय जल संरक्षण व जल प्रदूषण था। अध्यक्षता अरुण गुप्ता उपप्रबंधक डीएन इंटर कॉलेज की रही। संयोजन डॉ. दिशा दिनेश ने किया। निर्णायक कॉलेज की पूर्व प्राचार्य डॉ नीलिमा गुप्ता, आरके अरोड़ा व मुकेश शर्मा रहे। एमए वर्ग में हिमांशी चौधरी पहली, मीनाक्षी दूसरी व कोमल अनुरागी तीसरी विजेता बनीं। काजल खान, विशाखा, आशा रानी, नेहा गौतम को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इसी तरह दूसरे वर्ग में कंचन सर्वांग पहली, तनु दूसरी व निशा तीसरी विजेता बनीं। ब्यूरो

HINDUSTAN NEWS PAPER

DATE : 26.01.2021

PAGE NO : 05

# मतदाता दिवस पर स्कूल-कॉलेजों में दिलाई शपथ

मेरठ | वरिष्ठ संवाददाता

शहर के स्कूल कालेजों में रविवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूलों में छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई।

कनोहर लाल पीजी गर्ल्स कालेज में छात्राओं को शपथ दिलाई गई और प्राचार्या डॉ. किरण प्रदीप ने छात्राओं को संबोधित किया। आरजीपीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की अधिकारी मनीषा सिंघल व प्रीति ने एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया और मतदान दिवस पर स्वयंसेविकाओं को शपथ दिलाई। मनोविज्ञान विभाग में स्लोगन प्रतियोगिता हुई। डॉ. नीलम सिंह ने विचार प्रस्तुत किए। निर्णायक प्रियंका यादव रहीं। शहीद मंगल पांडे पीजी गर्ल्स कालेज में स्वयं सेविकाओं ने लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्वर्ण लता कदम एवं समिति के निर्देशन में छात्राओं ने पौधों के लिए क्यारियां बनाई। डॉ ममता सागर एवं डॉ पारुल मलिक का सहयोग रहा। प्रतियोगिता के बाद डॉ. आर सी सिंह ने सभी को मतदान करने की शपथ दिलाई। मतदान जागरूकता रैली भी निकाली गई। वहीं, इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में रेंजर्स परिषद द्वारा मतदाता दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. पारुल त्यागी ने प्रजातंत्र में मतदान के महत्व को बताया। प्राचार्या डॉ. हुमा मसूद ने रेंजर्स का उत्साहवर्धन किया। रेंजर्स इंचार्ज डॉ. शुभ्रा त्रिपाठी ने मतदाताओं को मताधिकार के लिए शपथ दिलाई।

एसएसडी बुढ़ाना गेट की स्काउट गाइड ने रैली निकाली और मतदान के प्रति जागरूक किया। जिला स्काउट भवन में रेखा शर्मा के नेतृत्व में मतदाता दिवस को लेकर शपथ दिलाई गई।

मोदीपुरम डीएमजी इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डा. आरके सिंह ने किया। 18 वर्ष आयु के बच्चों को मतदाता बनने के लिए जागरूक किया। शिक्षकों व छात्रों ने मतदान करने की शपथ ली। डा. कृष्ण कुमार, अमित चतुर्वेदी, कैप्टन दीपक मौजूद रहे।



सोमवार को सदर एसडी स्कूल में मतदाता दिवस पर प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

DAINIK JAGRAN NEWS PAPER

DATE : 26.01.2021

PAGE NO : 11

## छात्राओं ने ली शपथ

मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में सोमवार को रेंजर्स परिषद की ओर से मतदाता दिवस मनाया गया। साथ ही पोस्टर भी तैयार किए। इस दौरान प्राचार्य डा. हुमा मसूद भी उपस्थित रहीं। कनोहर लाल पीजी कालेज में प्राचार्या डा. किरण प्रदीप की अध्यक्षता में 11वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। शहीद मंगल पांडे पीजी कालेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्राचार्य डा. दिनेश चंद ने मतदाता पत्र बनवाने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। आरजी पीजी कालेज में मतदान दिवस पर निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया।

## AMAR UJALA NEWS PAPER

DATE : 12.02.2021

PAGE NO : 05

### स्वयं पोर्टल व पाठ्यक्रमों की दी जानकारी

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में गणित विभाग की ओर से तीन दिवसीय कार्यशाला हुई। स्वयं पोर्टल पर शिक्षिकाओं व छात्राओं को विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे में बताया गया। शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. हुमा मसूद ने किया। संचालन एचओडी डॉ. सोनिया गुप्ता ने किया। कार्यशाला में डॉ. दीप्ति कौशिक, डॉ. वंदना शर्मा, डॉ. ममता सिंह, डॉ. पारुल त्यागी, डॉ. शिवाली अग्रवाल, आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

## HINDUSTAN NEWS PAPER

DATE : 12.02.2021

PAGE NO : 07

### छात्राओं को दी मूक्स की जानकारी

मेरठ। आईएन कॉलेज में गणित विभाग द्वारा स्वयं पोर्टल पर शिक्षिकाओं एवं छात्राओं के लिए मौजूद विभिन्न कोर्स के बारे में जानकारी दी गई। शुभारंभ प्राचार्या डॉ.हुमा मसूद ने किया। एचओडी गणित डॉ.सोनिया गुप्ता ने वर्कशॉप का उद्देश्य छात्रा और शिक्षिकाओं को ऑनलाइन कोर्सेज की जानकारी देना बताया। डॉ. दीप्ति कौशिक, डॉ.वंदना शर्मा, डॉ.ममता सिंह, डॉ.पारुल त्यागी, डॉ. शिवाली अग्रवाल, डॉ.सुधा गोयल, डॉ.दीप्ति सक्सेना, डॉ.रेनू अग्रवाल एवं मीना राजपूत मौजूद रहीं।

## DAINIK JAGRAN NEWS PAPER

DATE : 12.02.2021

PAGE NO : 09

### स्वयं पोर्टल की जानकारी दी

मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के गणित विभाग में गुरुवार को कार्यशाला आयोजित की गई। स्वयं पोर्टल के बारे में डा. सोनिया गुप्ता ने बताया कि विभिन्न कोर्सों के लिए सरकार द्वारा बनाया गया। प्राचार्य डा. हुमा मसूद ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य आनलाइन शिक्षा से परिचय है। दीप्ति कौशिक, वंदना, ममता उपस्थित रही।-जासं

## DAINIK JANWANI NEWS PAPER

DATE : 13.02.2021

PAGE NO : 04

### छात्राओं को दी ऑनलाइन कोर्स की जानकारी



मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के गणित विभाग द्वारा स्वयं पोर्टल पर आयोजित कार्यशाला का शुक्रवार को समापन किया गया। कार्यशाला के दौरान छात्राओं को इंजीनियर आयुष सिंघल ने ऑनलाइन कोर्स करने की जानकारी प्रदान की और स्वयं पोर्टल पर चल रहे कोर्सों के बारे में भी छात्राओं को बताया कि उनमें कैसे एनरोलमेंट करे और उसके बाद प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए किस तरह रजिस्टर करें। स्वयं पोर्टल के माध्यम से छात्राएं किसी भी विषय का ऑनलाइन कोर्स कर सकती है। तीन दिवसीय कार्यशाला में 250 से अधिक छात्राओं नें बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। समापन पर कॉलेज प्राचार्या डा. हुमा मसूद ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालक डा. सोनिया गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में डा. वंदना शर्मा, डा. पारुल त्यागी, डा. ममता सिंह, डा. सपना शर्मा आदि मौजूद रही।

## HINDUSTAN NEWS PAPER

DATE : 13.02.2021

PAGE NO : 09




● इस्माईल कॉलेज

### कार्यशाला में दी कोर्स की जानकारी

**मेरठ।** इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज मेरठ में शुक्रवार को गणित विभाग द्वारा स्वयं पोर्टल पर आयोजित कार्यशाला का समापन हुआ। मुख्य अतिथि इं. आयुष सिंघल रहे। प्राचार्य डॉ. हुमा मसूद, संचालक डॉ. सोनिया गुप्ता, डॉ. वंदना शर्मा, डॉ. पारुल त्यागी, डॉ. ममता सिंह, डॉ. सपना शर्मा आदि ने कोर्स की जानकारी दी। बताया कि स्वयं पोर्टल के माध्यम से छात्राएं स्वयं ही किसी भी विषय के ऑनलाइन कोर्स को सीख सकती हैं और परीक्षा देकर प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर सकती हैं।

## AMAR UJALA NEWS PAPER

DATE : 13.02.2021

PAGE NO : 05

### किताब के लिए अब नहीं लगती लाइन



इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज की प्रेस प्रवक्ता डॉ. दीपा त्यागी के अनुसार लाइब्रेरी में सभी किताबों को डिजिटल फार्म में कंप्यूटर पर अपलोड किया जा चुका है। छात्राएं लाइब्रेरी में बैठकर पुस्तकें पढ़ सकती हैं। सभी किताबें ऑनलाइन उपलब्ध हैं। किताब लाइब्रेरी में है या नहीं अब इसके लिए रजिस्टर नहीं देखना पड़ता। इससे समय तो बचा ही है, वर्क लोड भी घटा है। छात्राओं को किताब के लिए लाइन नहीं लगानी पड़ती है।

## HINDUSTAN NEWS PAPER

DATE : 20.02.2021

PAGE NO : 08

### कैंसर के कारण, निवारण को जाना

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज मेरठ की पुरातन छात्र समिति की सदस्य डॉ. आशा आनंद, पूर्व विभागाध्यक्ष, चित्रकला विभाग, आईएनपीजी कालेज मेरठ के सौजन्य से कैंसर विशेषज्ञ डॉ. उमंग मित्तल द्वारा कैंसर, कारण और निवारण पर व्याख्यान दिया गया। वर्तमान में इस बीमारी का प्रसार अधिक हो रहा है। वहीं डॉ. आशा आनंद ने अपने अनुभवों को साझा किया। पुरातन तमाम छात्राएं भी पहुंची, जिन्होंने अपने अनुभव साझा किए। वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. वंदना भारद्वाज ने किया। प्राचार्या डॉ. हुमा मसूद ने आभार जताया।

**कृतिका सिंह ने किया नाम रोशन, मिला सम्मान** : बीडीएस इंटरनेशनल स्कूल की कृतिका सिंह ने पॉवरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में सबसे शक्तिशाली महिला का खिताब जीता। प्रधानाचार्या गोपाल दीक्षित ने कृतिका का उत्साहवर्धन किया और सम्मानित किया।

## AMAR UJALA (MY CITY) NEWS PAPER

DATE : 20.02.2021

PAGE NO : 04

### छात्राओं को दी कैंसर से सुरक्षा की जानकारी



छात्राओं को जानकारी देते डॉ. उमंग मित्तल। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में शुक्रवार को कैंसर के लक्षण, बचाव, समाधान और जागरूकता विषय पर व्याख्यान हुआ।

कॉलेज की पुरातन छात्र समिति की सदस्य डॉ. आशा आनंद के संयोजन में व्याख्यान हुआ। डॉ. आशा आनंद कॉलेज में कला विभाग की एचओडी भी रह चुकी हैं। शुभारंभ मुख्य वक्ता कैंसर विशेषज्ञ डॉ. उमंग मित्तल ने किया। कैंसर सर्वाइवर डॉ. आशा आनंद ने इस बीमारी से जुड़े अपने अनुभवों को साझा किया। डॉ. उमंग ने महिलाओं में कैंसर के कारण, प्रकार व बचाव के बारे में बताया। ब्यूरो

## HINDUSTAN NEWS PAPER

DATE : 21.02.2021

PAGE NO : 09

### छात्राओं को समझाया प्लाज्मा का कार्य

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में शनिवार को भौतिक विभाग द्वारा ऑनलाइन नेशनल वेबिनार का आयोजन हुआ। शनिवार को वेबिनार का विषय प्लाज्मा : द फोर्थ स्टेट ऑफ मैटर ऑर बियोन्ड रहा। इसमें प्लाज्मा का कार्य समझाया गया। मुख्य वक्ता प्रो. एचके मलिक आईआईटी दिल्ली रहे। प्राचार्या डॉ. हुमा मसूद, डॉ. दीप्ति सक्सेना, डॉ. दीपा त्यागी, डॉ. सुधा गोयल, डॉ. रेनू अग्रवाल, डॉ. सोनिया गुप्ता, मीना राजपूत व आरती मौजूद रहीं।

### एनएसएस शिविर लगाया

मेरठ। इस्माईल महिला पीजी कॉलेज में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम, द्वितीय व तृतीय इकाई के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ। इसमें स्वच्छता जागरुकता पर पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता हुई। मनोविज्ञान विभाग की एचओडी डॉ. वंदना शर्मा ने छात्राओं को संबोधित किया। सुमन मिश्रा, मीनू शर्मा व डॉ.माया भारती मौजूद रहीं। पोस्टर में इरतिका, इरम व फायजा तो स्लोगन में फरहत, नुजहत व इकरा विजेता रहीं।

## AMAR UJALA (MY CITY) NEWS PAPER

DATE : 21.02.2021

PAGE NO : 05

### छात्राओं को समझाया प्लाज्मा का कार्य

माई सिटी रिपोर्टर

**मेरठ।** इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में शनिवार को भौतिक विभाग द्वारा ऑनलाइन नेशनल वेबिनार सीरीज आयोजित हुई।

शुभारंभ प्राचार्य डॉ. हुमा मसूद ने किया। आयोजन सचिव डॉ. दीप्ति सक्सेना रहीं। मुख्य वक्ता प्रो. एचके मलिक प्रो. आईआईटी दिल्ली ने छात्राओं को संबोधित किया। इस दौरान डॉ. दीपा त्यागी, डॉ. सुधा गोयल, डॉ. रेनू अग्रवाल, डॉ. सोनिया गुप्ता, मीना राजपूत व आरती ने सहयोग दिया।

वहीं, राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम, द्वितीय व तृतीय इकाई के तहत एक दिवसीय शिविर आयोजित हुआ। इसमें स्वच्छता जागरुकता पर पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता हुई। संचालन सुमन मिश्रा, मीनू शर्मा ने किया।

AMAR UJALA (MY CITY) NEWS PAPER

DATE : 23.02.2021

PAGE NO : 06

## इस्माईल नेशनल पीजी कॉलेज में सितार पर सुनाए सोहनी राग

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के संगीत विभाग में सोमवार को शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता हुई। इसमें सितार, तबला व गायन का मुकाबला हुआ। शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. हुमा मसूद ने किया। बीए व एमए की छात्राओं ने भाग लेकर प्रस्तुतियां दीं।

विभागाध्यक्ष डॉ. रीना गुप्ता ने संयोजन व संचालन किया। निर्णायक स्नेहा, डॉ. श्वेता सोम, डॉ. गरिमा अग्रवाल रहीं। गायन में बिलासखानी तोड़ी, गुर्जरी तोड़ी, यमनी बिलावल की प्रस्तुति दी गई। सितार की छात्राओं ने यमन, तोड़ी, सोहनी रागों की प्रस्तुति दी। तबले में तीनताल, आड़ाचारताल, रूपक की प्रस्तुति दी।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ट्रीजा, वृत्तिका, दीपा, शिवानी, सुरभि, पूनम, सूरज रहे। दूसरे स्थान पर मुस्कान, अफशा, शगुफ्ता, पल्लवी, सामिया व धर्मेश रहे। कुलसुम, कनिष्का, सोनिया, शैफाली व शिवानी वर्मा ने तीसरा स्थान हासिल किया। सांत्वना पुरस्कार मंतशा, सितारा, सैजल, गौहर व प्रिया सैनी ने जीता। लक्ष्मी, पूजा, ईशा व रविशंकर ने सहयोग दिया। संचालन पूजा ने किया। ब्यूरो

## छात्राओं को बांटी आयरन की गोलियां

मेरठ। कॉलेज के एनएसएस शिविर में सोमवार को अतिथि व्याख्यान व स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। दिनेश तलवार ने छात्राओं को संबोधित किया। मुकेश शर्मा ने हास्य कविताएं सुनाईं। डॉ. पल्लव अग्रवाल ने छात्राओं को आयरन की गोलियां बांटी। सुमन मिश्रा, मीनू भारती, डॉ. माया अधिकारी आदि मौजूद रहीं। ब्यूरो

## राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन

**AMAR UJALA (MY CITY) NEWS PAPER**

**DATE : 24.02.2021**

**PAGE NO : 05**

### इस्माईल कॉलेज में हुआ अतिथि व्याख्यान

मेरठ। इस्माईल कॉलेज में एनएसएस की तीनों इकाई द्वारा अंग्रेजी में वार्तालाप एवं हिंदी भाषा के महत्व पर अतिथि व्याख्यान हुआ। मुख्य अतिथि हिंदी विभागाध्यक्षा डॉ. दीपा त्यागी और अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डॉ. पारूल त्यागी रहीं। प्रधानाचार्या डॉ. हुमा मसूद ने अतिथियों का स्वागत किया। ब्यूरो

## संगीत विभाग द्वारा सुगम संगीत प्रतियोगिता का आयोजन

**AMAR UJALA (MY CITY) NEWS PAPER**

**DATE : 25.02.2021**

**PAGE NO : 06**

### '...एक प्रेम पुजारिन फिर भी दीप जलाय रही है'

मेरठ। राधे कृष्ण की ज्योति अलौकिक तीनों लोक में छाय रही है, भक्ति विवश एक प्रेम पुजारिन फिर भी दीप जलाय रही है। कृष्ण भक्ति से सराबोर भजन छात्राओं ने प्रस्तुत किए। बुधवार को इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में संगीत प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में छात्राओं ने तबला, गायन व सितार वादन की प्रस्तुतियां दी। शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. हुमा मसूद ने किया। संचालन पूजा ने किया। प्रतियोगिता में ट्रिजा, दिपाली, खुशी व सुरभि ने पहला स्थान जीता। दूसरे स्थान पर लक्ष्मी, संजू, सृष्टि, धर्मेश रहे। तीसरा स्थान प्रियंका व फायजा ने जीता। इस दौरान संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रीना गुप्तालक्ष्मी, ईषा, रविशंकर का सहयोग रहा। ब्यूरो

## ऑनलाइन अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी में कावड़ यात्रा पर शोध पत्र

**DAINIK JAGRAN NEWS PAPER**

**DATE : 25.02.2021**

**PAGE NO : 02**

### डा. दीप्ति ने कांवड़ यात्रा पर पढ़ा शोध पत्र

जागरण संवाददाता, मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज समाजशास्त्र की विभागाध्यक्ष डा. दीप्ति कौशिक ने बुधवार को आनलाइन अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेकर कांवड़ यात्रा पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। संगोष्ठी का आयोजन अंतरराष्ट्रीय समाज शास्त्रीय संघ ब्राजील



संगोष्ठी में शामिल सदस्य • जागरण

द्वारा किया गया। डा. दीप्ति ने कहा कि कांवड़ यात्रा श्रद्धा, भावना और मनोबल की यात्रा हैं, जिसमें पुरुष, महिलाएं और बच्चे हजारों किमी पैदल चलते है। इस यात्रा और कांवड मेले का वर्णन शब्दों में नहीं किया जा सकता है। इसके बाद डा. दीप्ति ने नौचंदी मेला और औघड़नाथ मंदिर की झलकियां भी प्रस्तुत कीं। दूसरे शोध पत्र में उन्होंने दलित और उच्च जाति की महिलाओं का तुलनात्मक वर्णन किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**AMAR UJALA (MY CITY) NEWS PAPER**

DATE : 26.02.2021

PAGE NO : 06

### इस्माईल में एनएसएस शिविर का आयोजन



इस्माईल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल छात्राएं और शिक्षिकाएं। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम और द्वितीय इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर लगाया गया। इसमें छात्राओं ने गमलों की सफाई कर रंग किया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में कविता दीप पहली, मीनाक्षी पाल दूसरी, गीतांजलि, दीपा व मेहनाज तृतीय स्थान पर रहीं। प्राचार्य डॉ. हूमा मसूद ने छात्राओं को संबोधित किया। कॉलेज में संगीत विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. रेखा सेठ ने स्वयंसेविकाओं को समाजसेवा का महत्व बताया। संचालन डॉ. माया भारती और संयोजन सुमन मिश्रा ने किया। ब्यूरो

**HINDUSTAN NEWS PAPER**

DATE : 26.02.2021

PAGE NO : 07

### छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाया

**मेरठ।** आईएन पीजी कॉलेज में एनएसएस की प्रथम एवं द्वितीय इकाई ने शिविर में स्वच्छता अभियान चलाया। छात्राओं ने सफाई करते हुए गमलों को पेंट किया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में कविता दीप प्रथम, मीनाक्षी पाल द्वितीय, गीतांजलि एवं दीपा संयुक्त रूप से तृतीय रहीं। प्राचार्या डॉ.हुमा मसूद, डॉ. रेखा सेठ, सुमन मिश्रा और दीपा त्यागी मौजूद रहीं।

ESTD 1962

# ISMAIL NATIONAL MAHILA (P.G.) COLLEGE, MEERUT

**(Affiliated to C.C.S. University, Meerut)**
**Re-accredited by NAAC with A Grade in 2nd Cycle 2015**
**ISO Certified 9001:2015; ISO Certified 14001:2015**

## राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन

DAINIK JAGRAN NEWS PAPER

DATE : 28.02.2021

PAGE NO : 09

**छात्राओं ने लिया पुष्प सज्जा का प्रशिक्षण**

मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की तृतीय इकाई द्वारा शनिवार को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वयंसेविकाओं को पुष्प सज्जा, रंगोली कला, ब्लाक और टाई एंड डाई प्रिंटिंग का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान गृहविज्ञान विभागाध्यक्ष निशा गुप्ता, डा. दीपा त्यागी और मीनू शर्मा भी उपस्थित रहीं। जासं

## बीएड विभाग में पांच दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट की कार्यशाला

DAINIK JAGRAN NEWS PAPER

DATE : 28.02.2021

PAGE NO : 09

**इस्माईल पीजी कालेज की छात्राओं ने दिखाया हुनर**

मेरठ: इस्माईल महिला पीजी कालेज के बीएड विभाग में पांच दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट की कार्यशाला चलाई गई। इसमें बीएड प्रथम वर्ष की छात्राओं ने अपनी सृजनात्मकता दिखाई। इसमें पालीथिन पर रोक, कपड़ों के थैलों पर छपाई आदि का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बीएड विभाग की वरिष्ठ प्रवक्ता वंदना भारद्वाज के निर्देशन में हुआ। साथ ही सभी प्रवक्ताओं का भी सहयोग रहा। जासं

# बी0 एड0 विभाग में विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन

**HINDUSTAN NEWS PAPER**

DATE : 02.03.2021

PAGE NO : 10

**गोष्ठी में विज्ञान दिवस पर रखे विचार**

मेरठ। इस्माईल गर्ल्स पीजी कॉलेज के बीएड विभाग में विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में 21वीं सदी के वैज्ञानिक अनुसंधानों की उपयोगिता विषय पर विचार गोष्ठी हुई। कार्यक्रम का निर्देशन व संयोजन बीएड विभाग की साइंस प्रवक्ता डॉ. अनीता गुप्ता ने किया।

**DAINIK JAGRAN NEWS PAPER**

DATE : 02.03.2021

PAGE NO : 04

**गोष्ठी में छात्राओं ने रखे विचार**

मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी के बीएड विभाग में सोमवार को विज्ञान दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका विषय 21वीं सदी में वैज्ञानिक अनुसंधानों की उपयोगिता रहा। छात्राओं ने विषय पर विचार रखे। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम, द्वितीय और तृतीय इकाई के सात दिवसीय शिविर की शुरुआत इस्माईल इंटर कालेज शास्त्रीनगर में हुई। प्रधानाचार्य डा. मृदुला शर्मा ने स्वयं सेविकाओं को शिविर का महत्व बताया। कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा भी उपस्थित रहीं। -जासं

**AMAR UJALA (MY CITY) NEWS PAPER**

DATE : 02.03.2021

PAGE NO : 05

**विज्ञान दिवस पर हुई गोष्ठी**

मेरठ। इस्माईल गर्ल्स कालेज के बीएड विभाग में विज्ञान दिवस के मौके पर 21वीं सदी के वैज्ञानिक अनुसंधानों की उपयोगिता विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का निर्देशन व संयोजन बीएड विभाग की साइंस प्रवक्ता डॉ. अनीता गुप्ता द्वारा किया गया। ब्यूरो

## राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ

AMAR UJALA (MY CITY) NEWS PAPER

DATE : 02.03.2021

PAGE NO : 05

### एनएसएस शिविर का शुभारंभ

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम, द्वितीय व तृतीय इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ इस्माईल इंटर कालेज शास्त्रीनगर में हुआ। शुभारंभ प्रधानाचार्या डॉ. मृदुला शर्मा ने किया। संचालन मीनू शर्मा ने व संयोजन कार्यक्रम अधिकारी सुमन मिश्रा, दिनेश कुमार, राकेश और युवराज रहे। ब्यूरो

## प्रशिक्षण शिविर के ट्रेनर सोनू कुमार गहलोत द्वारा रेंजर्स को जानकारी दी

**HINDUSTAN NEWS PAPER**

DATE : 04.03.2021

PAGE NO : 05

### शिविर में सीखी गांठे बांधनी

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज मेरठ में यूपी भारत स्काउट एवं गाइड जिला संस्था मेरठ के तत्वावधान में तीन दिवसीय शिविर का दूसरा दिन बुधवार को संपन्न हुआ। ट्रेनर सोनू गहलौत ने रेंजर्स को टावर निर्माण, गांठे बांधना, तंबू लगाना, संकेत वार्ता आदि की जानकारी दी। इस मौके पर रेंजर्स प्रभारी डॉ. शुभ्रा त्रिपाठी, पूजा राय आदि रहीं। उधर, आरजी पीजी कॉलेज के बीएड विभाग की ओर से तीन दिवसीय आईसीटी कार्यशाला का बुधवार को समापन हो गया। डॉ. वंदना अग्रवाल, श्वेता, रविंद्र ने छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई। डॉ. अनुपमा सिंह ने छात्रों को शुभकामनाएं दी।

## महिला सुरक्षा एवं आत्मसम्मान विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**AMAR UJALA (MY CITY) NEWS PAPER**

DATE : 05.03.2021

PAGE NO : 06

### अपराध के खिलाफ खुलकर उठाएं आवाज

मेरठ। मिशन शक्ति अभियान के तहत नगर निगम ने सामाजिक संस्था द ग्रोइंग प्यूपिल के साथ मिलकर इस्माईल नेशनल महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संवाद किया। मुख्य अतिथि अपर नगर आयुक्त श्रद्धा शांडिल्यान ने कार्यक्रम में शिरकत की। प्राचार्या डॉ. हुमा मसूद, महिला थाने की एसआई रितु और एडवोकेट वैशाली त्यागी ने विचार रखे।

### अधिकारों के बारे में जानकारी दी





इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में जानकारी देतीं वक्ता। अमर उजाला

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान के तहत हुए कार्यक्रम में छात्राओं को महिला अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। बृहस्पतिवार को द ग्रोइंग प्यूपिल सामाजिक संस्था की ओर से यह कार्यक्रम हुआ।

इसमें शार्ट फिल्म के माध्यम से भी छात्राओं को अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।

शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर नगरायुक्त श्रद्धा शांडिल्यायन रहीं। अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. हुमा मसूद ने की। संयोजिका अदिति चंद्रा एवं डॉ. दीपा त्यागी रहीं। अपर नगर आयुक्त ने छात्राओं को समझाया कि अगर उन्हें अपने साथ कुछ भी गलत होता हुआ महसूस हो, तो उसका खुलकर विरोध करना चाहिए। साथ ही पुलिस में शिकायत भी दर्ज करवानी चाहिए।

कहा, कि किसी के भी गलत व्यवहार को सहन करना सही नहीं है। महिला थाने की एसआई रितु तथा एडवोकेट वैशाली त्यागी ने जानकारी भी दी। संस्था के महानगर अध्यक्ष प्रदीप कौशिक, पूजा रावत, राखी शर्मा मौजूद रहीं।

### मिशन शक्ति कार्यशाला में छात्राओं को बना रहे मजबूत

मेरठ। मिशन शक्ति के तहत शहर के चारों गर्ल्स कॉलेजों में कार्यशाला चल रही है। कनोहर लाल पीजी गर्ल्स कॉलेज में शिविर के अंतर्गत महिला सुरक्षा सम्मान व स्वाभिमान के तहत कई गतिविधियों को कराया गया। शहीद मंगल पांडे गर्ल्स कॉलेज में कराटे का लगातार प्रशिक्षण चल रहा है। इसी क्रम में आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज में परामर्श कार्यशाला में सकारात्मक बनाने पर जोर दिया। इस्माईल पीजी गर्ल्स कॉलेज में महिला सुरक्षा व आत्मसम्मान विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई। इस अवसर पर मीनाक्षी पाल, साक्षी चौहान, आफिया, डॉ. माया भारती, सुमन मिश्रा, मीनू शर्मा आदि रहीं।

## भारत स्काउट एवं गाइड की ओर से आयोजित शिविर का समापन

**DAINIK JAGRAN NEWS PAPER**

**DATE : 05.03.2021**

**PAGE NO : 06**




इस्माईल पीजी के शारीरिक शिक्षा विभाग में योग प्रतियोगिता में योगा करती छात्राएं • जागरण

# 'झांसी की रानी' टोली ने मारी बाजी, योग में आकांक्षा प्रथम

**जागरण संवाददाता, मेरठ :** इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में भारत स्काउट एवं गाइड की ओर से आयोजित प्रशिक्षण शिविर का समापन गुरुवार को हुआ।

प्रशिक्षण शिविर में ट्रेनर सोनू कुमार गहलोत ने पुल निर्माण, टेंट निर्माण, नान फायर कुकिंग और मितव्ययी कार्य संपादन की जानकारी दी।

समापन समारोह में सर्वोत्तम निर्माण और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए झांसी की रानी टोली प्रथम, महादेवी वर्मा और मदर टेरेसा टोली दूसरे और मीरा बाई और सरोजनी नायडू टोली तीसरे स्थान पर रहीं। प्राचार्य डा. हुमा मसूद ने सभी टोलियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

वहीं, दूसरी ओर शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग की ओर से योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आकांक्षा प्रथम, रुचिका दूसरे और मनीषा तीसरे स्थान पर रहीं। इस दौरान डा. शिवाली अग्रवाल, डा. शुभ्रा त्रिपाठी और इंदू गर्ग भी उपस्थित रही।

## शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग द्वारा योग प्रतियोगिता का आयोजन

**AMAR UJALA (MY CITY) NEWS PAPER**


**DATE : 05.03.2021**

**PAGE NO : 06**



### योगाभ्यास में आकांक्षा रहीं अव्वल

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में खेलकूद व शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से योग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथि योगी रजनीश व प्रिंसिपल डॉ. हुमा मसूद ने किया। एचओडी डॉ. ममता ने स्वागत किया। इसमें छात्राओं ने योगाभ्यास किया। संचालन



इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में योग प्रतियोगिता में सूर्य नमस्कार करती छात्रा और अन्य छात्राएं। अमर उजाला

## संस्थापक मौलाना इस्माईल मेरठी की याद मे व्याख्यान का आयोजन

**AMAR UJALA (MY CITY) NEWS PAPER**

**DATE : 06.03.2021**

**PAGE NO : 05**

### मौलाना इस्माईल की शायरी ने दी मेरठ को पहचान

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के उर्दू विभाग की ओर से महाविद्यालय के संस्थापक मौलाना इस्माईल मेरठी की याद में व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जामिया मिलिया इस्लामिया के फारसी विभाग के सेवानिवृत्त अध्यक्ष प्रोफेसर इराक रजा जैदी ने कहा कि इस्माईल की शायरी ने मेरठ को पहचान दी है।

शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि इस्माईल हर दिल अजीज शायर थे। डॉ. इफफत जकिया ने भी विचार रखें। 12 नवंबर को इस्माईल मेरठी के जन्मदिन पर एमए उर्दू की छात्राओं के बीच कराई गई प्रतियोगिता के नतीजे घोषित किए गए। फरहा प्रथम और गुलशन द्वितीय स्थान पर रही।

### व्याख्यान में इस्माईल मेरठी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला



मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में उर्दू विभाग की ओर से महाविद्यालय संस्थापक मौलाना मो. इस्माईल मेरठी के याद में व्याख्यान हुआ। मुख्य अतिथि व वक्ता प्रो. इराक रजा जैदी, सेवानिवृत्त अध्यक्ष फारसी, जामिया मिलिया इस्लामिया रहे। उन्होंने मौलाना इस्माईल मेरठी के व्यक्तित्व और उनकी शायरी पर विचार रखे। डॉ. इफ्फत जकिया ने सभी को प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. हमा मसूद ने सभी का उत्साहवर्धन किया।

## गौरया बचाओ विषय पर हुआ अतिथि व्याख्यान

**AMAR UJALA (MY CITY) NEWS PAPER**

**DATE : 06.03.2021**

**PAGE NO : 05**

### पोस्टर प्रतियोगिता में फरहत प्रथम

**मेरठ :** इस्माईल नेशनल महिला पीजी में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम, द्वितीय और तृतीय इकाई द्वारा आयोजित शिविर में गौरेया बचाओ विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता एनएएस कालेज सांख्यिकी विभागाध्यक्ष डा. विवेक त्यागी ने स्वयं सेविकाओं को गौरेया विशेषताएं बताते हुए उन्हें बचाने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दूसरे सत्र में पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने पक्षियों के चित्र बनाए। इसमें फरहत, वंशिका और नुसरत पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रही। वहीं दूसरी ओर उर्दू विभाग में कालेज संस्थापक मौलाना मोहम्मद इस्माईल मेरठी को याद किया गया। मुख्य अतिथि जामिया मिलिया इस्लामिया विवि फारसी के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. इराक रजा जैदी ने बताया कि मोहम्मद इस्माईल मेरठी की शायरी आज भी अपनी अलग पहचान रखती है। उनकी अखलाकी शायरी से दुनिया को बदला जा सकता है। उन्होंने इस्माईल मेरठी की गजल जो भले बुरे की अटकल न मेरा शआर होता से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। प्राचार्य डा. हुमा मसूद, डा. दीपा त्यागी और डा. वंदना शर्मा भी उपस्थित रही। -जासं

**गौरेया बचाओ विषय पर हुआ अतिथि व्याख्यान :** इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज मेरठ में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम, द्वितीय, तृतीय इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर के पांचवे दिन प्रथम सत्र में गौरेया बचाओ विषय पर अतिथि व्याख्यान हुआ। एनएएस कॉलेज के डॉ. विवेक त्यागी रहे। संचालन मीनू शर्मा ने किया। संयोजन सुमन व डॉ. माया ने किया।

### गौरेया बचाने के लिए किया प्रेरित

इस्माईल कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम, द्वितीय और तृतीय इकाई की ओर से आयोजित सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन प्रथम सत्र में गौरेया बचाओ विषय पर अतिथि व्याख्यान हुआ। मुख्य अतिथि एनएएस कॉलेज के सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. विवेक त्यागी रहे।

## दिनांक 29/11/21 को मिशन शक्ति व नई शिक्षा नीति पर संगोष्ठी हुई

### इस्माईल कॉलेज में हुई गोष्ठी

मेरठ। इस्माईल कॉलेज में सोमवार को आयोजित गोष्ठी में सीसीएसयू की मिशन शक्ति कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. बिंदु शर्मा और अंजली मित्तल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर किया। प्राचार्य अनिता राठी ने अतिथियों का स्वागत किया। ब्यूरो

### नई शिक्षा नीति पर छात्राओं ने रखे विचार



मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के अंग्रेजी विभाग में मिशन शक्ति व नई शिक्षा नीति पर संगोष्ठी हुई, जिसमें छात्राओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. अनीता राठी ने की। संगोष्ठी में महिला अध्ययन केंद्र चौधरी चरण सिंह विवि से समन्वयक बिंदु शर्मा ने विचार रखे। वहीं मेरठ कालेज से कानून विभागाध्यक्ष डॉ. अंजलि मित्तल ने महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान नई शिक्षा नीति पर विस्तार से चर्चा की गई। संगोष्ठी के अंत में मीनू शर्मा सहायक आचार्या ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में बीए व एमए की लगभग 80 छात्राओं की सहभागिता रही। प्राचार्या डॉ. अनीता राठी ने संगोष्ठी की अध्यक्षता की।

ESTD 1962

# ISMAIL NATIONAL MAHILA (P.G.) COLLEGE, MEERUT

**(Affiliated to C.C.S. University, Meerut)**

**Re-accredited by NAAC with A Grade in 2nd Cycle 2015**

**ISO Certified 9001:2015; ISO Certified 14001:2015**

## दिनांक 01/12/21 को विश्व एड्स दिवस पर व्याख्यान व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई

### रैली निकालकर छात्राओं ने किया जागरूक


मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम, दूसरी और तीसरी इकाई की ओर से बुधवार को विश्व एड्स दिवस पर रैली निकाली गई। स्वयंसेविकाओं ने लाल रिबन और क्रास समूह बनाकर लोगों को जागरूक किया। वहीं, क्विज प्रतियोगिता में सोनिका चौहान प्रथम, हिना राजपूत दूसरे और वंशिका तीसरे स्थान पर रही। इस दौरान प्राचार्य डा. अनीता राठी, आंचल सिंह, सुमन मिश्रा और डा. तुंगवीर सिंह भी मौजूद रहे।

### इस्माईल में विश्व एड्स दिवस पर व्याख्यान

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में मनोविज्ञान विभाग द्वारा विश्व एड्स दिवस पर व्याख्यान व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य वक्ता डॉ. गौरी आदित्य ने विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्या डॉ. अनीता राठी ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. विनेता द्वारा किया गया। शाईस्ता, इरम, मोनिका, सोहनवीर आदि का सहयोग किया।

### पोस्टर और मानव श्रृंखला बनाकर किया जागरूक

मेरठ। इस्माईल गर्ल्स कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग में व्याख्यान एवं पोस्टर प्रतियोगिता हुई। मुख्य वक्ता डॉ. गौरी आदित्य, काउंसलर, एआरटी सेंटर मेडिकल कॉलज ने एडस के कारण, लक्षण एवं निवारण के बारे में छात्राओं को जागरूक किया। प्राचार्या डॉ. अनीता राठी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। पोस्टर प्रतियोगिता में सिमरन प्रथम, अशहर द्वितीय एवं मुस्कान तृतीय रहीं। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला कॉलेज में छात्राओं द्वारा प्रांगण में एड्स वाले टैग लगाकर एड्स जागरूकता का संदेश दिया गया।



## दिनांक 02/12/21 को मनोविज्ञान विभाग मे पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

### इस्माईल में कार्यशाला का शुभारंभ

मेरठ। इस्माईल गर्ल्स कॉलेज में बृहस्पतिवार को मनोविज्ञान विभाग द्वारा पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. स्वर्णा एवं डॉ. अंजू गुप्ता ने कम्प्यूटर के विषय में छात्राओं को बेसिक जानकारी दी। विभागाध्यक्ष डॉ. विनेता ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ. रिचा अत्री, शाईस्ता, ईरम, मोनिका, रूही एवं सोहनवीर का सहयोग रहा। ब्यूरो

### आईएन कॉलेज में वर्कशॉप

मेरठ। आईएन महिला पीजी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग में गुरुवार को एमएस एक्सेज एवं साइकोलॉजिकल एक्सपेरीमेंट की शुरुआत हुई। एक्सपर्ट डॉ.स्वर्णा और डॉ.विनेता ने वर्कशॉप की जानकारी दी। डॉ.अंजु गुप्ता, डॉ. रिचा, शाइस्ता, ईरम, मोनिका, सोहनवीर एवं डॉ.दीपा त्यागी सहित सभी छात्राएं मौजूद रहीं।

**दिनांक 03/12/21 को रेंजर्स समिति ने राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण दिवस मनाया**

## 'तंबाकू स्वास्थ्य के साथ समाज का करता है पतन'



इस्माईल कॉलेज में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण दिवस पर शपथ लेतीं छात्राएं। संवाद

मेरठ। इस्माईल गर्ल्स कॉलेज में रेंजर्स समिति ने शुक्रवार को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण दिवस मनाया। रेंजर्स प्रभारी डॉ. पूजा राय ने कहा कि नशा नाश का मूल है। तंबाकू सेवन स्वास्थ्य के साथ-साथ समाज का पतन भी करता है।

प्राचार्य डॉ. अनीता राठी ने छात्राओं को तंबाकू से होने वाली हानियों को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए कहा। कार्यक्रम में संत रविदास स्मारक शिक्षा समिति के सदस्य रोहित भारद्वाज ने तंबाकू से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया। डॉ. मोनिका, डॉ. दीपा त्यागी, अमित कुमार का सहयोग रहा। ब्यूरो

**दिनांक 03/12/21 को सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जोनल स्तरीय प्रतियोगिता हुई**

## यातायात नियम बताए

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जोनल स्तरीय प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम डॉ. रेखा रानी तिवारी नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में हुआ। दिनेश कुमार का मुख्य सहयोग रहा। डॉ. पूजा राय, प्राचार्या डॉ. अनीता, रोहित भारद्वाज, डॉ. मोनिका, अमित रहे।

## दिनांक 07/12/21 को आजादी के अमृत महोत्सव शताब्दी वर्ष के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया

### 220 फीट की पेंटिंग से दिया गांधी जी का संदेश

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा अमृत महोत्सव शताब्दी वर्ष के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं ने 220 फीट लंबी पेंटिंग के जरिए आजादी और गांधी के संदेशों को दर्शाया गया। इस मौके पर मौखिक क्विज हुई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता चौधरी चरण सिंह विवि इतिहास विभाग से डॉ. विघ्नेश त्यागी ने स्वतंत्रता संग्राम में मेरठ के योगदान के बारे में बताया। कार्यक्रम में जनहित फाउंडेशन की निदेशिका अनीता राणा ने भी मेरठ के स्वतंत्रता संग्राम के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. अनीता राठी ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ. शिवाली अग्रवाल एवं डॉ. ममता सिंह का विशेष सहयोग रहा। क्विज की विजेता छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. कविता गर्ग, शाहीन फातिमा, तब्बसुम, शगुफ्ता आदि मौजूद रहीं।



इस्माईल नेशनल पीजी कॉलेज में विचार रखते वक्ता और मंचासीन शिक्षिकाएं। संवाद

### पेंटिंग में दिखा आजादी का अमृत महोत्सव



मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज मेरठ में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव शताब्दी वर्ष के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 220 फीट लंबी पेटिंग में आजादी व गांधी जी के कुछ संदेश व चित्रों को प्रदर्शनी के माध्यम से दर्शाया गया। मुख्य वक्ता चौधरी चरण सिंह विवि इतिहास विभाग से डॉ. विघनेश त्यागी ने आजादी के अमृत महोत्सव पर प्रकाश डाला। जनहित फाउंडेशन से निदेशिका अनीता राणा, डॉ. शिवाली अग्रवाल ने भी विचार रखे। प्राचार्या प्रो. अनीता राठी, डॉ. ममता सिंह, डॉ. कविता गर्ग, शाहीन फातिमा रहीं।

## दिनांक 07/12/21 को वाणिज्य विभाग में तीन दिवसीय व्याख्यान



### इकनॉमी लॉ विषय पर दी जानकारी

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज मेरठ में वाणिज्य विभाग द्वारा

### छात्राओं को टैक्स की जानकारी दी

मेरठ : इस्माईल नैशनल पीजी कालेज के वाणिज्य विभाग में तीन दिवसीय व्याख्यान शुरू किया गया है। पहले दिन शहीद मंगल पांडे डिग्री कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. विकास गुप्ता ने छात्राओं को डायरेक्ट टैक्स के विषय में बताया। छात्राओं ने इससे संबंधित सवाल भी पूछे। कार्यक्रम में क्षमा गुप्ता, लबना, श्वेता

**<u>दिनांक 08/12/21 को ऑनलाइन एजुकेशन एलएमएस सेल ने सात दिवसीय आईसीटी कार्यशाला का सुभारंभ किया</u>**

## सात दिवसीय आईसीटी कार्यशाला शुरू

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में बुधवार को ऑनलाइन एजुकेशन एंड एलएमएस सेल ने सात दिवसीय आईसीटी कार्यशाला का शुभारंभ किया।



इस्माईल कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में अपने विचार रखते वक्ता। संवाद

मुख्य वक्ता एनएएस कॉलेज के सांख्यिकी विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक त्यागी ने चैलेंज इन द थ्रैट्स इन द डिजिटल टीचिंग विषय पर विचार प्रस्तुत किए। वक्ता डॉ. गौरव कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पाठ्यक्रम के महत्व की जानकारी दी। इस दौरान प्राचार्या डॉ. अनीता राठी, डॉ. स्वर्णा, डॉ. सोनिया गुप्ता, डॉ. अंजू गुप्ता, ईरम जहां, डॉ. हुमा मसूद, डॉ. शिवाली अग्रवाल, डॉ. दीपा त्यागी आदि मौजूद रहे। वाणिज्य विभाग ने तीन दिवसीय अतिथि व्याख्यान शृंखला में डॉ. ममता सिंह ने इकनामिक लॉ विषय पर छात्राओं को जानकारी दी। विभागाध्यक्ष डॉ. मणि महाजन का सहयोग रहा। ब्यूरो

## छात्राओं को दी वेबसाइट बनाने की जानकारी

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में ऑनलाइन एजुकेशन एंड एलएमएस सेल द्वारा सात दिवसीय आईसीटी कार्यशाला के तीसरे दिन मुख्य वक्ता एश्वर्या शर्मा, स्टेटिक्स टीचर एंड एक्सल ट्रेनर मेरठ कॉलेज एवं टीम वंडर फूल यू एकेडमी की तरफ से छात्राओं को वर्ड प्रेस, फ्री वेबसाइट, कॉंटेन्ट मैनेजमेंट, पेज ब्लॉक और ईमेल राइटिंग आदि को प्रयोगात्मक तरीके से सिखाया गया। प्राचार्य डॉ. अनीता राठी ने छात्राओं को कंप्यूटर की जानकारी हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। आर्नेलाइन एजुकेशन एलएमएस संयोजिका डॉ. स्वर्णा ने कार्यशाला में मौजूद डॉ. शिवाली अग्रवाल, डॉ. दीपा त्यागी, डॉ. रीना गुप्ता का आभार जताया। ब्यूरो

## कार्यशाला का शुभारंभ

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज मेरठ में ऑनलाइन एजुकेशन एंड एलएमएस सेल द्वारा सात दिवसीय आईसीटी कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. अनीता राठी ने किया। मुख्य वक्ता डॉ. विवेक त्यागी ने सभी का उत्साहवर्धन किया। एनएएस कालेज से डॉ. गौरव कुमार ने विचार रखे। संयोजिका डॉ. स्वर्णा, डॉ. हुमा मसूद आदि रहीं।

**<u>दिनांक 08/12/21 को छात्राओ ने कॉलेज स्थित व्यायामशाला मे व्यायाम के लाभ की जानकारी प्राप्त की</u>**

## छात्राओं ने जाना व्यायाम का सही तरीका

मेरठ: इस्माईल नेशनल महिला पीजी बीएड की छात्राओं ने कालेज स्थित व्यायामशाला में जाकर बुधवार को व्यायाम के लाभ की जानकारी प्राप्त की। शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता इंदु गर्ग ने जिम में विभिन्न मशीनों की जानकारी दी।-जासं

**दिनांक 10/12/21 को महिला अधिकारों के समक्ष चुनौतिया एवं संभावनाए विषय पर व्याख्यान और रंगोली का आयोजन किया गया**



शुक्रवार को इस्माईल पीजी कालेज में रंगोली बनाती छात्राएं • जागरण

इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से वर्तमान परिदृश्य में महिला अधिकारों के समक्ष चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

## दिनांक 13/12/21 को एजुकेशन एवं एलएमएस सैल मे कराई जा रही रिसेट ट्रेंडर्स इन डिजिटल लर्निंग की सात दिवसी कार्यशाला का समापन

### छात्राओं ने सीखा स्लाइड बनाना और संपादन करना



इस्माईल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि। संवाद

**मेरठ।** इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में रिसेट टेंड्रस इन डिजिटल लर्निंग पर आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला का सोमवार को समापन हो गया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनीता राठी एवं संयोजन सेल की प्रभारी डॉ. स्वर्णा ने किया। प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. विवेक त्यागी विभागाध्यक्ष, सांख्यिकी विभाग, एनएएस कॉलेज ने छात्राओं को स्लाइड शेयर करना सिखाया। डॉ. गौरव ने छात्राओं को वीडियो का संपादन करना सिखाया। कार्यशाला के सेमी फाइनल राउंड के निर्णायक मंडल में ऐश्वर्य, सहायक प्रवक्ता, सांख्यिकी विभाग, मेरठ कॉलेज, एवं डॉ. स्वर्णा, अंग्रेजी विभाग इस्माईल कॉलेज द्वारा छात्राओं द्वारा बनाई गई पीपीटी, ब्लॉगर्स व वर्ड प्रेस में वेबसाइट क्रिएशन में रचनात्मक प्रस्तुति का मूल्यांकन किया गया। प्राचार्य डॉ. अनीता राठी द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान कर अंग्रेजी विभाग की वेबसाइट लांच की गई। ब्यूरो

### छात्राओं ने सीखा वेबसाइट बनाना

**मेरठ :** इस्माईल नेशनल पीजी कालेज में रिसेंट ट्रेंड्स इन डिजिटल लर्निंग पर कार्यशाला हुई। इसमें छात्राओं ने स्लाइड शेयर, वीडियो एडिटिंग, पीपीटी, ब्लाक और वर्ड प्रेस में वेबसाइट बनाने का तरीका सीखा। एनएएस कालेज के सांख्यिकी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर विवेक त्यागी ने डिजिटल तकनीकी के विषय में बताया। प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट भी दिया गया। अंग्रेजी विभाग के एक वैबसाइट भी लांच की गई। प्राचार्य प्रोफेसर अनीता राठी ने कार्यशाला को उपयोगी बताया। संयोजन सेल की प्रभारी डा. स्वर्णा, डा. सोनिया गुप्ता, डा. अंजू गुप्ता का सहयोग रहा। -जासं

### कार्यशाला का हुआ समापन

**मेरठ।** इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में एजुकेशन एवं एलएमएस सैल द्वारा कराई जा रही रिसेट टेंड्रस इन डिजिटल लर्निंग की सात दिवसी कार्यशाला का सोमवार को समापन हो गया। अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. अनीता राठी ने की। संयोजन प्रभारी डॉ. स्वर्णा ने किया। कार्यशाला में छात्राओं को स्लाइड शेयर करना, पीपीटी बनाना, ब्लाग्स, वेबसाइट क्रिएशन आदि सिखाया गया। इसमें प्रथम शीनम, द्वितीय अरिबा, तृतीय इलमा रहीं। इसी तरह से कालेज में अर्थशास्त्र विभाग की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत लिखित क्विज का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम चित्रा, द्वितीय हिना और तृतीय स्थान पर नजमा बेगम रही। कार्यक्रम में शाहीन, फातिमा, तब्बसुम व शगुफ्ता का सहयोग रहा।

## दिनांक 14/12/21 को बीएड विभाग मे सात दिवसीय हिंदी कार्यशाला का शुभारंभ हुआ



इस्माईल पीजी कालेज में कार्यशाला में शामिल शिक्षिकाएं • सौ. कालेज

### इस्माईल पीजी कालेज में सात दिवसीय कार्यशाला शुरू

मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में मंगलवार को बीएड विभाग में सात दिवसीय हिंदी कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। विभाग प्रभारी डा. वंदना भारद्वाज ने बुके देकर प्राचार्या डा. अनिता राठी का स्वागत किया। वही, कार्यक्रम संयोजिका डा. मीना कुमारी तोमर ने मुख्य वक्ता डा. अनिता चौधरी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। डा. अनिता चौधरी ने छात्राओं को वर्तमान संदर्भ में हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। -जासं

## दिनांक 14/12/21 को आयोजित सेमिनार मे विचार रखती शिक्षिका



इस्माईल डिग्री कॉलेज में आयोजित सेमिनार में विचार रखती शिक्षिका। संवाद

**दिनांक 16/12/21 को लडकियों की शादी की उम्र 18 साल से बढाकर 21 साल किए जाने के फैसले का हर वर्ग की महिलाओं-लडकियों ने स्वागत किया**

# लड़कियों के सपनों को लगेंगे पंख
# कम होगा उच्च शिक्षा में ड्रॉपआउट

मेरठ। लड़कियों की शादी की उम्र 18 साल से बढ़ाकर 21 साल किए जाने के फैसले का हर वर्ग की महिलाओं-लड़कियों ने स्वागत किया है। शहर के गर्ल्स कॉलेजों की प्राचार्यों का कहना है कि इस फैसले से लड़कियों के सपनों को पंख लगेंगे। उच्च शिक्षा में छात्राओं का ड्रॉपआउट कम होगा। ब्यूरो



**बढ़ेगी साक्षरता**

सरकार का बहुत अच्छा कदम है। में इस निर्णय से लड़कियों की साक्षरता बढ़ेगी। बहुत सी लड़कियां बीए फाइनल में ड्रॉपआउट हो जाती हैं, अब ऐसा नहीं होगा। -डॉ. अनिता राठी, प्राचार्य इस्माईल गर्ल्स कॉलेज



**बनेंगी आत्मनिर्भर**

ग्रामीण क्षेत्र की जो लड़कियां 18 साल के बाद पढ़ाई के लिए ससुराल पर निर्भर हो जाती हैं, वे अब ग्रेजुएशन के बाद नौकरी के लिए भी सोच सकेंगी। -डॉ. अलका चौधरी, प्राचार्य कनोहर लाल गर्ल्स कॉलेज



**अच्छा निर्णय**

बहुत अच्छा निर्णय है। 21 साल शादी की उम्र किए जाने के बाद लड़कियों को उच्च शिक्षा में पढ़ाई पूरी करने का अवसर मिलेगा। -डॉ. निवेदिता मलिक, प्राचार्य आरजी पीजी कॉलेज



**ऐतिहासिक कदम**

यह एक ऐतिहासिक कदम है। महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता पा रही हैं। शादी की आयु बढ़ने से बेटियों को कॅरियर के लिए मौका मिलेगा। -सुषमा सिंह, उपाध्यक्ष राज्य महिला आयोग

## अपना फर्ज निभाना है वोट डालने जाना है

मेरठ: इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में सुनिश्चित मतदाता शिक्षा एवं सहभागिता स्वीप के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाई की ओर से शुक्रवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान स्वयंसेविकाओं ने छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान और अपना फर्ज निभाना है वोट डालने जाना हैं जैसे नारे लगाकर लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। रैली बच्चा पार्क से कमिश्नरी चौराहा, ईव्ज चौराहा होते हुए कालेज परिसर में समाप्त हुई।

## दिनांक 20/12/21 को सात दिवसीय कार्यशाला का समापन

**विविध**



इस्माईल पीजी कालेज में कार्यशाला में शामिल छात्राओं के साथ शिक्षिकाएं • जागरण

### छात्राओं ने कार्यशाला में सीखा लेखन

मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी में चल रहे सात दिवसीय कार्यशाला का सोमवार को समापन हो गया। मुख्य वक्ता डीएन कालेज की डा. अनीता चौधरी ने हिंदी भाषा कौशल दक्षता के अंतर्गत वर्तमान संदर्भ में महत्व को बताया। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने छात्राओं को लेखन, चित्र लेखन, शिक्षण कार्य में फ्लैश कार्ड का प्रयोग, वर्ण शब्दावली और व्याकरण का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं छात्राओं ने कार्यशाला में अध्ययन सामग्री का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। डा. दीपा त्यागी, डा. मीना कुमारी तोमर और डा. वंदना भारद्वाज मौजूद रहीं। -जासं

## दिनांक 18/12/21 को अतिथि व्याख्यान का आयोजन

### छात्राओं ने जाना ध्वनि संप्रदाय का महत्व

मेरठ : इस्माईल महिला पीजी कालेज में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। पूर्व प्राचार्य डा. साधना सहाय ने भारतीय काव्यशास्त्र के ध्वनि संप्रदाय को समझाया। उन्होंने कहा कि ध्वनि सिद्धांत अत्यंत विराट है। रस और अंलकार ध्वनि इस सिद्धांत के आधार स्तंभ है। कवि अपनी वाणी से जो भी अभिव्यक्त करता हैं, वह स्वयं में दोहरे अर्थ रखता हैं। वाच्यार्थ के पृथक अर्थ व्यंग्यार्थ अर्थात ध्वनि कहलाता है।-जासं

**दिनांक 07/01/22 को वायु प्रदूषण एव उसकी रोकथाम विषय पर व्याख्यान**

एक नजर में



कार्यक्रम में अपने विचार रखती मुख्य वक्ता डा. शिल्पी बंसल • जागरण

### पुराने रीति रिवाज अपनाकर दूर करें वायु प्रदूषण

मेरठ : इस्माईल नेशलन महिला पीजी कालेज के रसायन विज्ञान विभाग में शुक्रवार को वायु प्रदूषण एवं उसकी रोकथाम विषय पर व्याख्यान और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता दीवान इंस्टीट्यूट एंड टेक्नोलाजी की निदेशक डा. शिल्पी बंसल ने विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि वायु प्रदूषण को कम करने के लिए हमें फिर से अपने पुराने रीति रिवाज अपनाने होंगे। गाड़ी का इस्तेमाल कर करके साइकिल का इस्तेमाल बढ़ाना होगा। -जासं

**दिनांक 29/12/21 को वोट दो वोटर बनो, विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित**

### मानव शृंखला बनाकर किया मतदान पर जोर

मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी में बुधवार को सुनियोजित मतदान शिक्षा एवं सहभागिता स्वीप कार्ययोजना के अंतर्गत वोट दो वोटर बनो, विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसका आयोजन चित्रकला विभाग की ओर से किया गया। प्रतियोगिता में 22 छात्राओं ने भाग लिया।

## दिनांक 30/01/22 को ऑनलाइन एजुकेशन स्वयं पोर्टल पर दो दिवसीय अवेयरनेस वर्कशॉप का सुभारंभ

### निशुल्क दूरस्थ शिक्षा कोर्सों के बारे में दी जानकारी

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के गणित विभाग में शनिवार को ऑनलाइन एजुकेशन स्वयं पोर्टल पर दो दिवसीय अवेयरनेस वर्कशॉप का शुभारंभ सीसीएसयू की प्रति कुलपति प्रो. वाई विमला ने किया।

कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अनीता राठी ने किया। पहले दिन कार्यशाला का विषय ऑनलाइन शिक्षा में चल रहे स्वयं कोर्सेज के बारे में जानकारी देना रहा। गणित विभागाध्यक्ष डॉ. सोनिया गुप्ता ने बताया कि स्वयं पोर्टल मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन द्वारा 2017 में नौ कोऑर्डिनेटर की सहायता से बनाया गया था। इसमें एनपीटीईएल, एआईसीटीई, यूजीसी, एनसीईआरटी और सीईसी शामिल हैं।

इन कोर्सेज को कोई भी छात्र घर बैठे वीडियो लेक्चर के माध्यम से कर सकता है। इनमें चार, आठ और 12 हफ्ते के कोर्सेज ईमेल के माध्यम से आते हैं जिन्हें पढ़कर ऑनलाइन परीक्षा दी जाती है। इन सभी कोर्सेज को विश्वविद्यालय ने मान्यता दी है। प्रति कुलपति प्रो. वाई विमला ने क्रेडिट सिस्टम तथा मूक कोर्स वेब आधारित निशुल्क दूरस्थ शिक्षा के विषय में जानकारी दी। ब्यूरो

## दिनांक 30/01/22 को एक दिवसीय कोविड वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन

### इस्माईल में एक दिवसीय वैक्सीनेशन शिविर



मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में शनिवार को प्राचार्य डॉ. अनीता राठी के निर्देशन में एक दिवसीय कोविड वैक्सीनेशन शिविर लगाया गया। कोविड नोडल अधिकारी डॉ. स्वर्णा एवं डॉ. पूजा राय ने छात्राओं को वैक्सीनेशन के लिए जागरूक किया। कैंपस में 50 छात्राओं ने प्रथम एवं द्वितीय डोज लगवाई। कर्मचारियों ने भी बूस्टर डोज लगवाई। ब्यूरो

## दिनांक 31/01/22 को स्यवं कोर्सेज पर अवेयरनेस वर्कशॉप का आयोजन

mycity

न्यूज कैप्सूल

### परीक्षाफल में जुड़ेगा स्वयं पोर्टल कोर्स का क्रेडिट

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में स्वयं कोर्सेज पर अवेयरनेस वर्कशॉप दूसरे दिन भी जारी रही। मुख्य अतिथि इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मेरठ के असिस्टेंट प्रो. आयुष सिंघल रहे। उन्होंने स्वयं की वेबसाइट के जरिए विभिन्न प्रकार के कोर्स के बारे में जानकारी दी। गणित विभागाध्यक्ष डॉ. सोनिया गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार स्वयं पोर्टल पर चल रहे कोर्स को करने से जो क्रेडिट प्राप्त होंगे वह छात्र-छात्राओं के परीक्षाफल में जोड़ दिए जाएंगे। बहु विषयक होने के कारण किसी भी विषय में इन कोर्सों को किया जा सकता है। कार्यशाला में डॉ. हुमा मसूद, डॉ. दीप्ति कौशिक, डॉ. ममता सिंह, डॉ. सुधा गोयल, डॉ. स्वर्णा, डॉ. रेनू अग्रवाल आदि मौजूद रहीं। ब्यूरो

### छात्राओं ने स्वयं कोर्सेज को जाना, बनेंगी एक्सपर्ट

मेरठ। स्वयं कोर्सेज में हिस्सा लेकर इस्माईल कालेज की छात्राएं खुद को एक्सपर्ट बनाएंगी। इसके लिए कालेज की करीब 300 छात्राओं ने वर्कशॉप में हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि इंजीनियर आयुष सिंघल मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मेरठ के असिस्टेंट प्रोफेसर रहे। डॉ. सोनिया गुप्ता, डॉ. हुमा मसूद, डॉ. दीप्ति कौशिक, डॉ. ममता सिंह, डॉ. सुधा गोयल, डॉ. स्वर्णा, डॉ. रेनू अग्रवाल उपस्थित रहे।

ESTD 1962

# ISMAIL NATIONAL MAHILA (P.G.) COLLEGE, MEERUT

**(Affiliated to C.C.S. University, Meerut)**
**Re-accredited by NAAC with A Grade in 2nd Cycle 2015**
**ISO Certified 9001:2015; ISO Certified 14001:2015**

## दिनांक 19/02/22 को रेंजर्स समिति ने मलिन बस्ती मे चलाया स्वच्छता अभियान



### लोगों को स्वच्छता का महत्व बताया

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के रेंजर्स समिति द्वारा रंगोली रोड के पास मलिन बस्ती में स्वच्छता अभियान के तहत जागरूक किया गया। शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनीता राठी ने किया। छात्राओं ने स्वच्छता का महत्व बताया। वहीं डस्टबिन का वितरण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व रेंजर्स प्रभारी डॉ. पूजा राय ने किया।

### रेंजर्स समिति ने मलिन बस्ती में चलाया स्वच्छता अभियान



मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज की रेंजर्स समिति द्वारा शास्त्रीनगर रंगोली मंडप के पास स्थित मलिन बस्ती में स्वच्छता अभियान चलाया। शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अनीता राठी ने किया। रेंजर्स समिति ने मलिन बस्ती में डस्टबिन का भी वितरण किया। इस मौके पर डॉ. पूजा राय, डॉ. अंजु बाला राजपूत, पार्षद नरेंद्र राष्ट्रवादी, अमित और गौरव आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

## दिनांक 19/02/22 को दो दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन

### दो दिवसीय ट्रेनिंग

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला कालेज में दो दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने किया। शिक्षेणत्तर कर्मचारियों को आनलाइन एडमिशन, एकेडमिक व फीस कलेक्शन की ट्रेनिंग दी गई। डॉ. स्वर्णा, डॉ. सोनिया गुप्ता, डॉ. अंजु गुप्ता मौजूद रहीं।

## दिनांक 21/02/22 को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

### मानसिक रोग की पहचान कर कराएं उपचार

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर नुक्कड़ नाटक आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. विनेता ने कहा कि किसी भी छात्रा को मानसिक समस्या है तो वह परामर्श हेतु डॉ. रिचा अत्री, क्लीनिकल साइक्लोजिस्ट से प्रत्येक शनिवार मनोविज्ञान विभाग में संपर्क करें। वहीं, ऑनलाइन एजुकेशन एवं एलएमएस सेल द्वारा दो दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम के दूसरे दिन ऑनलाइन प्रवेश में आने वाली समस्याओं का निदान किया गया।

शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने किया। डॉ. स्वर्णा, डॉ. सोनिया गुप्ता, डॉ. अंजू गुप्ता का विशेष योगदान रहा। संगीत विभाग ने चतुर्विध वाद्य विषय पर संगीत पोस्टर प्रतियोगिता की। इसमें सितार, तबला और गायन की छात्राएं शामिल रहीं। प्रथम स्थान इलमा, द्वितीय बुशरा मेहराब एवं दीपा, तृतीय स्थान आरूषा अंसारी एवं सात्वनां पुरस्कार अनुष्का टंडन एवं पुष्पा को मिला। डॉ. रीना गुप्ता, डॉ. आंचल, डॉ. गरिमा अग्रवाल, डॉ. श्वेता सोम आदि मौजूद रहीं।

## दिनांक 21/02/22 को सुगम संगीत प्रतियोगिता का आयोजन

### सुगम संगीत प्रतियोगिता में सुरभि, खुशी प्रथम

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में सुगम संगीत प्रतियोगिता हुई एमए में सुरभि प्रथम, विवेक, उत्कर्ष द्वितीय, एवं साहिल ने तृतीय प्राप्त किया। बीए में प्रथम स्थान खुशी, द्वितीय स्थान आबिदा, तृतीय स्थान इलमा व सात्वनां पुरस्कार हर्षता ने प्राप्त किया। संयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. रीना गुप्ता, पूजा शर्मा, रवि शंकर, डॉ. रीना गुप्ता, डॉ. गरिमा अग्रवाल रही।

ESTD 1962

# ISMAIL NATIONAL MAHILA (P.G.) COLLEGE, MEERUT

**(Affiliated to C.C.S. University, Meerut)**

**Re-accredited by NAAC with A Grade in 2nd Cycle 2015**

**ISO Certified 9001:2015; ISO Certified 14001:2015**

## दिनांक 21/02/22 को मातृभाषा दिवस पर हिंदी, संस्कृत एवं उर्दू विभाग के संयुक्त तत्वावधान मे कार्यक्रम का आयोजन

# मातृभाषा की शक्ति को बढ़ाने और पहचानवस

माई सिटी रिपोर्टर

### मातृभाषा दिवस पर कैंपस-कॉलेजों में हुए विभिन्न कार्यक्रम

**अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस**

मेरठ। सीसीएसयू के हिंदी विभाग में सोमवार को मातृभाषा दिवस समारोह के अवसर पर भारतीय भाषाएं एवं शिक्षा गोष्ठी तथा भाषण प्रतियोगिता हुई। अध्यक्ष प्रति कुलपति प्रो. वाई विमला ने कहा कि भाषाएं हमारे व्यक्तित्व, विचारों की परिचायक हैं।

अनेक देश ऐसे हैं जहां उनकी अपनी मातृभाषा ही बोली जाती है। साहित्यिक सृजन को हम तभी समझ पाएंगे जब भाषाओं को सीखेंगे। विशिष्ट अतिथि वक्ता प्रो. वाचस्पति मिश्र ने कहा कि मातृभाषा दिवस मातृभाषा की शक्ति को बढ़ाने और पहचानने का दिवस है। विशिष्ट वक्ता प्रो. असलम जमशेदपुरी ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है। विशिष्ट वक्ता एसके दत्ता ने कहा कि यदि हमें मातृभाषा हिंदी को बढ़ाना है तो उसे रोजगार से जोड़ना चाहिए तभी मातृभाषा दिवस सफल होगा। हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने कहा कि हमारे देश की सारी भाषाएं भिन्न हैं। गोष्ठी के दूसरे सत्र में भाषण प्रतियोगिता हुई। जिसमें पूजा यादव, निकुंज कुमार, अंजलि पाल, अजय कुमार, छवि ने भाग लिया। संचालन डॉ. विद्यासागर सिंह तथा डॉ. आरती राणा ने किया। संगोष्ठी में डॉ. विवेक त्यागी, डॉ. अंजू, डॉ. यज्ञेश कुमार, डॉ. प्रवीण आदि मौजूद रहे।



सीसीएसयू के हिंदी विभाग में आयोजित कार्यक्रम में विचार रखतीं प्रो. वाई विमला। अमर उजाला

इस्माईल कॉलेज में हिंदी, संस्कृत एवं उर्दू विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम शुरू हुआ। प्राचार्य डॉ. अनीता राठी, प्रो. साधना सहाय, मनीषा एवं डॉ. हुमा मसूद ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। शहीद मंगलपांडे कॉलेज में कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अंजू सिंह ने किया। इस दौरान छात्राओं ने कविता, भाषण और नृत्य आदि की प्रस्तुति दी। इस दौरान डॉ. सुधा रानी, डॉ. भारती दीक्षित, डॉ. मंजू रानी, डॉ. अनीता गोस्वामी, डॉ. मोनिका आदि रहे।

# 'अपनी भाषाओं को अधिक से अधिक जानें

### सभी भाषाओं की जननी है संस्कृत

**मेरठ।** इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में मातृभाषा दिवस पर हिंदी, संस्कृत एवं उर्दू विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एमए प्रथम सेमेस्टर संस्कृत की छात्रा रेणुका कपिल ने सरस्वती वंदना व संस्कृत गीत प्रस्तुत किया। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने किया। अतिथि वक्ता प्रो. साधना सहाय, पूर्व प्राचार्या एवं संस्कृत विभागाध्यक्ष रही। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा सभी भाषाओं की जननी है। संस्कृत भाषा संस्कार व संस्कृति की पोषक है। डॉ. सपना शर्मा ने संचालन किया। डॉ. हुमा मसूद, मनीषा गोयल ने संयोजन किया। इकरा, शिफा, डॉ. नीतू, नीरू, भूमिका, चित्रा तयागी, नीतू कंसल मौजूद रहीं।

### इस्माईल पीजी कालेज में भी हुआ कार्यक्रम

मेरठ: इस्माईल नेशनल पीजी कालेज में सोमवार को पंख प्रोफेशनल संस्था की ओर से कार्यक्रम हुआ। इसमें छात्राओं को रोजगार पाने, नहीं बल्कि देने पर जोर दिया गया। वहीं, हिंदी, संस्कृत व उर्दू विभाग में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। अतिथि वक्ता प्रो. साधना सहाय रही। डा. दीपा त्यागी भी उपस्थित रहीं। वही, बीएड विभाग में निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई। विभागाध्यक्ष डा. वंदना भारद्वाज ने प्राचार्या प्रो. अनीता राठी का स्वागत किया। कार्यक्रम की संयोजिका डा. मीना कुमारी रही।

### निबंध में छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया

**मेरठ।** इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के बीएड विभाग में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई। इसका विषय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मातृभाषा का



## अमर उजाला

## दिनांक 23/02/22 को भारत स्काउट एवं गाइड भवन मे आयोजित प्रतियोगिता का आयोजन

### पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता में तनु ने मारी बाजी



मेडल और प्रमाणपत्र दिखातीं इस्माईल कॉलेज की छात्राएं। संवाद

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। भारत स्काउट एवं गाइड भवन लालकुर्ती के प्रांगण में बुधवार को लार्ड बेडेन पावेल की जयंती को विश्व चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया। लार्ड बेडेन पावेल स्काउट एवं गाइड के संस्थापक थे।

आरजी कॉलेज की रेंजर्स टीम ने टीम के रूप में सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता में तनु चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. निवेदिता मलिक ने सभी रेंजर्स और रेंजर्स लीडर डॉ. सुनीता सिंह को शुभकामनाएं दी।

**भारत स्काउट एवं गाइड भवन में मनाई गई लार्ड बेडेन पावेल की जयंती**

### दूसरे स्थान पर रहीं इस्माईल की छात्राएं

मेरठ। भारत स्काउट एवं गाइड भवन में आयोजित प्रतियोगिता में इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज से 13 से 16 वर्ग में छात्राओं ने भाग लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. अनीता राठी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व रेंजर्स प्रभारी डॉ. पूजा राय ने किया। ब्यूरो

## हिन्दुस्तान

## दिनांक 22/02/22 को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

### इस्माईल में सात दिवसीय शिविर शुरू

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ एनएएस कालेज की शिक्षिका एवं एनएसएस की नोडल अधिकारी डॉ. पंकज शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर किया। संचालन मीनू शर्मा ने किया।

**अमर उजाला**

**दिनांक 24/02/22 को छात्राओं ने मलिन बस्ती मे अभियान चलाकर स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रति युवा और बच्चो को जागरूक किया**

mycity

न्यूज कैप्सूल

### छात्राओं ने मलिन बस्ती में किया जागरुक




इस्माईल कॉलेज की छात्राओं ने महिलाओं को किया जागरुक। संवाद

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज की छात्राओं के द्वारा मलिन बस्ती में अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रति युवा और बच्चों को जागरूक किया गया। सात दिवसीय शिविर का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम, द्वितीय और तृतीय इकाई के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राची, आफिया, शहनाज, नाजिश, कहकशा, शिवानी रहीं। ब्यूरो

**दैनिक जागरण/ हिन्दुस्तान**

**दिनांक 24/02/22 को संगीत विभाग मे शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता का आयोजन**

एक नजर में

### छात्राओं ने छेड़ी शास्त्रीय संगीत की मधुर तान

मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के संगीत विभाग में गुरुवार को शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने सोहनी, कल्याण, यमन, ताल और तीन ताल, झपताल, रुद्रताल और एकताल की प्रस्तुति दी। जिसमें सितार, तबला और गायन प्रतियोगिता में अरसी, इलमा, पुष्पा, दीपा, कोमल प्रथम वंदना, वतिका, प्रिया, सादिया और नेहा दूसरे, तरन्नुम, अमरीन, अजीना और नायला तीसरे स्थान पर रहीं। निर्णायक डा. श्वेता, लक्ष्मी रहीं। मंच का संचालन डा. गरिमा और पूजा शर्मा ने किया। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम, द्वितीय और तृतीय इकाई ने रंगोली मंडप स्थित मलीन बस्ती में चिकित्सा और शिक्षा अभियान चलाया। -जासं

### अर्सी प्रथम और वंदना रहीं द्वितीय

मेरठ। आईएन कॉलेज के संगीत विभाग में दो दिवसीय शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता में छात्राओं ने प्रस्तुति दी। बीए-एमए की 56 छात्राओं ने हिस्सा लिया। शुभारंभ प्राचार्या प्रो. अनीता राठी एवं डॉ. रीना गुप्ता ने किया। निर्णायक मंडल में डॉ. श्वेता एवं लक्ष्मी रहीं। सितार, तबला, गायन में अर्सी इलमा, पुष्पा, दीपा कोमल, वन्दना, वतिका, प्रिया सैनी, सादिया, नेहा, तरन्नुम, अमरीन, तहरीन, अजीना एवं नायला विजेता रहीं। डॉ. रीना गुप्ता, डॉ. गरिमा, पूजा शर्मा, रविशंकर एवं धर्मेश उपस्थित रहीं।

ESTD 1962

# ISMAIL NATIONAL MAHILA (P.G.) COLLEGE, MEERUT

**(Affiliated to C.C.S. University, Meerut)**
**Re-accredited by NAAC with A Grade in 2nd Cycle 2015**
**ISO Certified 9001:2015; ISO Certified 14001:2015**

## हिन्दुस्तान

## दिनांक 25/02/22 को अर्थशास्त्र विभाग मे कौशल विकास प्रतियोगिता का आयोजन

### हस्तशिल्प में छात्राओं ने दिखाया कौशल




मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में शुक्रवार को अर्थशास्त्र विभाग द्वारा कौशल विकास प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें एमए की छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। छात्राओं द्वारा हस्तशिल्प वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. ममता सिंह ने छात्राओं को कौशल विकास योजना के बारे में बताया। डॉ. कविता गर्ग, तबस्सुम, शगुफ्ता, शाहीन फातिमा आदि का योगदान रहा।

### अर्थव्यवस्था पर किया मंथन

मेरठ। आईएन कॉलेज के अर्थशास्त्र में हुई छात्राओं ने अर्थव्यवस्था को चार्ट से दिखाया। 'कोविड-19 एवं भारतीय अर्थव्यवस्था' विषय पर हुई प्रतियोगिता में एमए की 22 छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान छात्राओं का उत्साहवर्धन भी किया गया। छात्राओं ने डिजिटल इंडिया, ई-बैंकिंग, जीएसटी, कोविड-19 का अर्थव्यवस्था पर प्रभाव, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, ई-कॉमर्स, महिला सशक्तिकरण, गरीबी एवं बेरोजगारी चार्ट प्रस्तुत किए। एचओडी डॉ. ममता सिंह ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। डॉ. सोनिया गुप्ता, डॉ. अंजु गुप्ता निर्णायक मंडल में रहीं।

**दैनिक जागरण**

**दिनांक 27/02/22 को 14 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सुभारंभ**

## नियति और चरति ही सामाजिक शोध का मूल : प्रो. चौबे

सीसीएसयू में शुरू हुआ 14 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

**जागरण संवाददाता, मेरठ :** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के मान्यवर कांशीराम शोध पीठ एवं इंडियन इकोनामिक एसोसिएशन के सहयोग से शनिवार को 14 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ हुआ। इसका विषय 'सामाजिक एवं मानविकी विज्ञान में शोध प्रविधि एवं समंक विश्लेषण तकनीकि' है। आनलाइन व आफलाइन दोनों मोड में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों से विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने हिस्सा लिया।



सीसीएसयू के फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व शिक्षकगण ● जागरण

अध्यक्षीय भाषण में कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने एफडीपी के महत्व की चर्चा करते हुए सामाजिक अध्ययन के विभिन्न आयामों पर विशेष महत्व दिया। प्रो. पीके चौबे ने सामाजिक विज्ञान के दर्शन के विभिन्न आयामों को भारतीय संस्कृति के माध्यम से विस्तृत रूप से समझाया। बताया कि नियति और चरति ही सामाजिक शोध का मूल है। प्रो. एडीएन वाजपेयी ने सामाजिक अध्ययन की शोध विधियों के अंतर्गत दर्शन के महत्व एवं वर्तमान परिदृश्य में आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। प्रो. एमएम गोयल ने कहा कि भ्रष्टाचार, उपभोक्तावाद तथा स्वार्थ जैसी सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए सतर्कता जाग्रति और जागरूकता के साथ नीडोनामिक्स को अपनाना होगा। प्रो. वाई विमला के अनुसार विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान का आधार मानव ही हैं। संचालन अर्थशास्त्र विभाग से समन्वयक प्रो. दिनेश कुमार ने किया।

**दैनिक जागरण**

**दिनांक 28/02/22 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से सात दिवसीय शिविर का समापन**

### हस्तकला प्रदर्शनी ने मोह लिया लोगों का मन

मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से इस्माईल इंटर कालेज में सात दिवसीय शिविर का समापन सोमवार को हुआ। इस अवसर पर छात्राओं ने हस्तकला प्रदर्शनी लगाई। स्वयंसेविकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचार्य डा. अनीता राठी ने स्वयंसेविकाओं को सम्मानित कर उन्हें शुभाशीष दिए। इस दौरान प्रधानाचार्य [illegible]दला शर्मा, आंचल सिंह, [illegible] और मीनू शर्मा भी [illegible]

**हिन्दुस्तान**

**दिनांक 28/02/22 को विज्ञान विभाग मे राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया**

### सीसीएसयू में साइंस फेस्ट के समापन पर बोले वक्ता, कहा- विज्ञान से जीवन होता है आसान

# जीवन के हर पहलू से जुड़ा है विज्ञान

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

मेरठ | वरिष्ठ संवाददाता

विज्ञान का असली उद्देश्य समाजहित को ध्यान में रखकर नए अविष्कार एवं अनुसंधानों का प्रयास करना है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम विज्ञान से ही संभव है। विज्ञान जीवन के समस्त पहलुंओं से जुड़ा हुआ है। यह बात सीएसआईआर-एचआरडीसी के प्रधान डॉ.आरके सिन्हा ने चौ. चरण सिंह विवि में साइंस फेस्ट के समापन समारोह में कही।

रमन स्मृति व्याख्यान में सांसद राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि तकनीक का उपयोग मानव संसाधन के हित में होता है तो देश के विकास की गति तीव्र हो जाती है। कुलपति प्रो. संगीता-शुक्ला ने कहा कि विज्ञान हमारे लिए वरदान है। प्रति कुलपंति प्रो. वाई विमला ने कहा कि 'विज्ञान सर्वत्र पूज्यते' की अवधारणा आज पूरी दुनिया में स्थापित हो रही है। प्रो. बीरपाल ने कहा कि विज्ञान ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को न केवल बदला है बल्कि आसान भी किया है। डॉ. योगेन्द्र गौतम ने सीवी रमन के जीवन को समझाया। नोडल अधिकारी प्रो. शैलेन्द्र शर्मा ने कहा कि यह फेस्ट युवाओं को विज्ञान के क्षेत्र में नई राहें दिखने में सफल साबित होगा। संचालन प्रो. प्रशांत कुमार ने किया। पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में डॉ.सुनील कुशवाहा, डॉ.योगेश कुमार एवं डॉ. योगेश वर्मा रहे। डॉ. पवित्रदेव, डॉ. प्रदीप चौधरी, डॉ. सरू कुमारी, डॉ. नाजिया तरून्नुम रहे।



सोमवार को सीसीएसयू के प्रेक्षागृह में कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद।




सोमवार को विश्वविद्यालय के सुभाष चंद प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी और अतिथि।

## विनायक विद्यापीठ

मोदीपुरम। विनायक विद्यापीठ में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। शुभारंभ संस्थान के निदेशक इंजीनियर विकास कुमार ने किया। बीएससी बायोटेक्नोलॉजी की प्रथम वर्ष की आकांक्षा एवं शिवानी की टीम को प्रथम स्थान दिया गया। प्राचार्या डॉ. उर्मिला मोरल ने शुभकामनाएं दीं।

## इस्माईल पीजी कॉलेज

इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज मेरठ के विज्ञान विभाग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। रसायन विभाग की वरिष्ठ शिक्षिका डॉ. सुधा गोयल ने सर सीवी रमन की श्रद्धासुमन अर्पित किए। डॉ. ममता सिंह, डॉ. दीप्ती कौशिक, डॉ. सोनिया गुप्ता मौजूद रहे।

## कला निधि के स्टूडेंट ने दी प्रस्तुति

कलानिधि संगीत महाविद्यालय के स्टूडेंट्स ने अपनी प्रस्तुतियों में विज्ञान को दिखाया। पंच तत्वों से बने इंसान को कथक छात्रा निहारिका, काव्या, सोनाक्षी, सिद्धि एवं रितिका ने प्रस्तुत किया। छात्राओं ने दिखाया कि जब मोबाइल नहीं थे तब लोगों गांव में कितनी खुशी से रहते थे। छात्राओं ने बताया कि मोबाइल ने सबको इतना व्यस्त कर दिया है कि वो अपने बच्चों पर ध्यान नहीं दे पाते। वहीं, हरमिलाप मिशन इंटर कॉलेज से जिया, आफिया और अयान को सिल्वर एवं बालेराम सरस्वती शिशु मंदिर शास्त्रीनगर से छह की शगुन ने कांस्य मेडल मिला।

## उद्गम फाउंडेशन

मेरठ। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पर उद्गम फाउंडेशन ने भी अपनी कक्षाओं के छात्रों के साथ कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें बच्चों की भागीदारी रही। उन्होंने विज्ञान विषय पर चार्ट, प्रोजेक्ट मॉडल तैयार किए। कंकाल प्रणाली, सौर मंडल, सूर्य के चारों ओर पृथ्वी की परिक्रमा पर मॉडल बनाए और मेंढक व तितली के जीवनचक्र, पाचन तंत्र, ट्रैफिक लाइट, सौर प्रणाली, पदार्थ की स्थिति आदि पर चार्ट बनाए। वालेंटियर चांदनी बिष्ट ने उन्हें इन विषयों के बारे में पढ़ाया।



सोमवार को विवि के सुभाष चंद प्रेक्षागृह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**अमर उजाला**

**दिनांक 06/03/22 को पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में हुए कार्यक्रम

## हिम्मत का दूसरा नाम है नारी

**विभिन्न सामाजिक संस्थाओं में रविवार को कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को सम्मानित किया गया। प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में सुनीता बहन ने कहा- महिलाओं में हर क्षेत्र में प्रतिभा दिखाने और सबको साथ लेकर चलने का हौसला है।**

माई सिटी रिपोर्टर

### महिलाओं को सम्मानित किया

मेरठ। पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गढ़ रोड स्थित सात फेरा रेस्टोरेंट में नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद राजेंद्र अग्रवाल रहे। क्लब निदेशक पीयूष गोयल ने बताया कि समारोह का उद्देश्य बताया। इस दौरान ओलंपियन अलका तोमर, डॉ. भावना गांधी, डॉ. रेनू भगत, प्राचार्य अनीता राठी, चित्रकार डॉ. किरण प्रदीप, संस्कृत नृत्य रुचि बलूनी, शालिनी अग्रवाल, डॉ. ममता सिंह, लक्ष्मी शर्मा, रुचि शर्मा को सम्मानित किया गया। समाजसेवी विपुल सिंघल ने कहा कि देश के विकास में महिलाओं का बड़ा योगदान रहा है। इस दौरान सुधा गोयल, हर्ष गोयल, विपुल सिंघल, आयुष गोयल, पीयूष गोयल, ऋषभ गौड़, प्रिंस अग्रवाल, चिराग त्यागी आदि मौजूद रहे। संवाद



पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित की गईं महिलाएं और साथ में सांसद राजेंद्र अग्रवाल। अमर उजाला

**अमर उजाला**

**दिनांक 02/03/22 को उर्दू विभाग मे लैंग्वेज लैब की महत्ता पर एक व्याख्यान का आयोजन**

mycity

न्यूज कैप्सूल

### जीवन में आगे बढ़ने के लिए योजना बनाएं

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के उर्दू विभाग में लैंग्वेज लैब की महत्ता पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीसीएसयू के उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो. असलम जमशेदपुरी ने कहा कि उर्दू इंसान को रोजगार से जोड़ने का एक उचित माध्यम है। लैंग्वेज लैब के माध्यम से हम भाषा को सही बोलना और लिखना सीखते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्षा डॉ. हुमा मसूद ने छात्राओं को बताया कि जीवन में यदि आगे बढ़ना है तो अपने भविष्य की योजना बनानी जरूरी है। आप अपने लिए किसी न किसी

## दैनिक जागरण / अमर उजाला / हिन्दुस्तान

## दिनांक 08/03/22 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जनहित फाउंडेशन की ओर से महिला हेल्पलाइन की शुरुआत



इस्माईल डिग्री कॉलेज में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।



इस्माईल पीजी कालेज में जनहित फाउंडेशन की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

### इस्माईल पीजी कालेज में महिला हेल्पलाइन शुरू

मेरठ : इस्माईल पीजी कालेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मंगलवार को जनहित फाउंडेशन की ओर से महिला हेल्प लाइन की शुरूआत की गई। साथ ही सलाहकार पैनल भी बनाया गया। इसका उद्देश्य महिलाओं की मदद करना है, जिसकी चेयरपर्सन सुप्रीम कोर्ट की वकील रीना सिंह हैं। इस दौरान संस्था की निदेशक अनीता राणा भी उपस्थित रही। मेरठ छावनी परिषद और द ग्रोइंग प्यूपिल संस्था की ओर से छावनी परिषद सभागार में समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। छावनी सीईओ नावेंद्र नाथ ने कहा कि प्रकृति ने पुरुषों से पहले महिलाओं को सशक्त बनाया है। इस दौरान अदिति चंद्रा, स्वाति गुप्ता और डा. अंजली गुप्ता भी उपस्थित रही। ग्रीन पैराडाइज की सदस्यों ने मदर टेरेसा आश्रम में महिला दिवस मनाया। वहां रहने वाली महिल[illegible] के साथ समय बिताकर उनके लिए खाद्य सामग्री और आवश्यक सामग्री की व्यवस्था भी की।

### इस्माईल में जनहित महिला हेल्प लाइन शुरू

मेरठ। इस्माईल डिग्री कॉलेज में जनहित फाउंडेशन द्वारा एक जनहित महिला हेल्पलाइन शुरू की है। जनहित फाउंडेशन की अध्यक्ष अनीता राणा ने बताया कि यह हेल्पलाइन 24 घंटे महिलाओं की निशुल्क मदद करेगी। महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा तथा तलाक जैसी कुरीतियों पर एक पैनल महिलाओं की मदद करेगा। इसमें सदस्य इस्माईल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अनीता राठी, कनोहर लाल की प्राचार्य डॉ. अलका चौधरी, डॉ. अनीता कोटपाल, डॉ. राहुल बंसल, डॉ. अनुपम सिरोही, डॉ. सरिता त्यागी, डॉ. पूनम देवदत्त, डॉ. रितु केला, डॉ. मनीषा तेवतिया, डॉ. ममता सिंह आदि मौजूद रहीं। ब्यूरो

## दैनिक जागरण / अमर उजाला

## दिनांक 08/03/22 को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन





## हिन्दुस्तान / अमर उजाला / दैनिक जागरण

## दिनांक 09/03/22 को संगीत विभाग की ओर से अतिथि व्याख्यान का आयोजन

### शोध के महत्व को बताया

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज मेरठ के संगीत विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉ. रेखा सेठ द्वारा संगीत में शोध क्रियाविधि विषय पर व्याख्यान दिया गया। डॉ. रेखा सेठ ने शोध प्रविधि, शोध का महत्व, शोध प्रक्रिया व शोध करना क्यों आवश्यक है? और उसके विभिन्न चरणों पर प्रकाश डाला। प्राचार्या प्रो. अनीता राठी, डॉ. रेखा सेठ, डॉ. रीना गुप्ता, डॉ. गरिमा अग्रवाल, डॉ. श्वेता सोम, लक्ष्मी, पूजा शर्मा मौजूद रहे।

### संगीत में शोध का बताया महत्व

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला महाविद्यालय में संगीत विभाग की ओर से अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। संगीत विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. रेखा सेठ ने संगीत में शोध क्रिया विधि विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने शोध प्रविधि, शोध के महत्व, शोध प्रक्रिया और इसकी जरूरत के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. अनीता राठी, डॉ. रेखा सेठ, डॉ. रीना गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में डॉ. गरिमा अग्रवाल, डॉ. श्वेता सोम, लक्ष्मी, पूजा शर्मा, निक्की, रविशंकर एवं धर्मेश का सहयोग रहा। महिला दिवस के मौके पर एमकॉम की दो छात्राओं तान्या शर्मा और लुबना को जिला परीविक्षा अधिकारी अमित कुमार परीक्षा में अच्छे अंक पाने के लिए सम्मान किया। ब्यूरो

### संगीत में शोध पर जोर

मेरठ : इस्माईल नेशनल पीजी कालेज में अतिथि व्याख्यान हुआ। संगीत की पूर्व विभागाध्यक्ष डा. रेखा सेठ ने संगीत में शोध क्रियाविधि पर व्याख्यान दिया। जिसमें उन्होंने शोध प्रविधि, शोध का महत्व, शोध की प्रक्रिया, शोध की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी, डा. रेखा सेठ मौजूद रहीं।-जासं

**हिन्दुस्तान**

**दिनांक 15/03/22 को अंतर विश्वविधालय और अंतर महाविधालय नृत्य गायन प्रतियोगिता आयोजित हुई**



[redacted] में शिक्षकों का होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण रूप में कलाकार ने नृत्य किया • जागरण

## झिंझोटी राग पर छात्राओं ने सुनाए होली के गीत

मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के संगीत विभाग में मंगलवार को अंतर विश्वविद्यालय और अंतर महाविद्यालय नृत्य गायन प्रतियोगिता का आयोजित हुई। छात्राओं ने तिलककामोद, मिश्र पहाड़ी और झिंझोटी रागों में होली के गीत सुनाकर व नृत्य प्रस्तति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। प्राचार्य डा. अनीता राठी, डा. दीप्ति कौशिक, डा. शिवाली अग्रवाल, डा. रीनू जैन, डा. रीना गुप्ता भी उपस्थित रहीं।

# नृत्य गायन प्रतियोगिता में झूमीं छात्राएं

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। किसी ने होली गीत पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर समा बांध दिया तो किसी ने होली के गीत सुनाकर सभी को तालियां बजाने पर मपर मजबूर कर दिया। मौका था मंगलवार को इस्माईल गर्ल्स कॉलेज के संगीत विभाग में नृत्य-गायन प्रतियोगिता का। इसका विषय विद्या होरी रहा।

इसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की छात्राओं ने तिलककामोद, मिश्र पहाड़ी, झिंझोटी आदि रागों पर आधारित होली के विभिन्न गीतों पर सामूहिक नृत्य, सामूहिक गायन, एकल नृत्य एवं एकल गायन में मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। होली के प्रचलित गीत आज ब्रज में होली रे रसिया पर छात्राओं ने शानदार नृत्य किया। रंग बरसे, होली आई होली आई गीत पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति से छात्राओं ने माहौल खुशनुमा बना दिया।

जहां-जहां राधे, वहां आएंगे मुरारी, काहे छेड़ छेड़ मोहे आज खेलू श्याम संग होली पर एकल नृत्य की प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया। शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अनीता राठी, डॉ. दीप्ति कौशिक, डॉ. शिवाली अग्रवाल, मारगेट तथा डॉ. रीनू जैन ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। विभागाध्यक्ष डॉ. रीना गुप्ता, डॉ. गरिमा अग्रवाल, डॉ. श्वेता सोम, लक्ष्मी, निक्की, धर्मेश, मुकुल का सहयोग रहा।



इस्माईल में हुई संगीत गायन प्रतियोगिता में मौजूद छात्राएं। संवाद

**हिन्दुस्तान**

**दिनांक 15/03/22 को शिक्षण संस्थानों मे समानता के लिए यूनिफार्म है जरूरी पर संवाद**



# शिक्षण संस्थानों में समानता के लिए यूनिफार्म है जरूरी

## हिजाब प्रकरण पर हिन्दुस्तान ने शहर के कुछ स्कूलों के प्रधानाचार्यों और छात्राओं से किया व्हाट्सएप संवाद

हि संवाद व्हाट्सएप

**मेरठ, वरिष्ठ संवाददाता।** शिक्षण संस्थान में समानता जरूरी है। घर से हिजाब में आएं या बुर्का पहनकर, लेकिन कक्षा में शिक्षा ग्रहण करने के दौरान एक जैसी यूनिफार्म होनी चाहिए। छात्र जीवन में सिर्फ शिक्षा और अनुशासन पर ध्यान देना चाहिए। यूनिफार्म से स्कूल में समानता बनी रहती है, इसलिए यूनिफार्म का होना जरूरी है। मंगलवार को हिन्दुस्तान समाचार पत्र की ओर से आयोजित व्हाट्सएप संवाद में यह विचार सामने आए। हिन्दुस्तान ने छात्राओं, प्रधानाचार्यों की राय को जाना।

स्कूल यूनिफार्म में आना उचित है। घर से कोई भी छात्रा हिजाब, बुर्का पहनकर आए, लेकिन स्कूल में चेंज कर देती है। **तब्बुसम, प्रधानाचार्या,** इस्माईल इंटर कालेज तहसील

कॉलेज में चेंजिंग रूम है। यदि कोई छात्रा बुर्का, हिजाब में आती है तो वह उसे रख देती है। कक्षा में यूनिफार्म में जाती है। **डॉ. अनीता राठी, प्राचार्य, इस्माईल डिग्री**

शिक्षा ग्रहण करते समय केवल शिक्षा पर फोकस होना चाहिए। यदि वहां यूनिफार्म की अनुमति है तो यूनिफार्म पहन कर जाएं। **सहबा,** शिक्षिका, बेसिक शिक्षा

आजादी के ... बात ठीक ... लेकिन स्कू... जाति धर्म ... उठनी चाहि... **डॉ. निगहत** मेरठ

कालेज में यदि कोई छात्रा पर्दा, बुर्का व हिजाब में आती है तो वह उसे बैग में रख लेती हैं। कक्षाएं यूनिफार्म में चलती हैं। **डॉ. अलका चौधरी,** प्राचार्या, कनोहर लाल गर्ल्स पीजी कालेज

स्कूल में सभी छात्राएं यूनिफार्म में आती हैं। एक जैसी ड्रेस में सभी में एकरूपता दिखती है। यूनिफार्म ही सही है। **सायबा मेवती,** कक्षा 12वीं, इस्माईल इंटर कालेज शाहीनगर

हिजाब मामले को गलत तरीके से पेश नहीं करना चाहिए। कालेजों में जो नियम हैं, उसी के अनुसार सभी को चलना चाहिए। **शगुफ्ता,** छात्रा, शोधार्थी

कालेज ह... जगह पठ... प्राथमिक... समानता ... यूनिफॉर्म ... सभी निय... **शाहीन फा...**

## दैनिक जागरण

## दिनांक 15/03/22 को बीएड विभाग की शिक्षिकाओ संग छात्राओ ने चौधरी चरण सिंह विश्वविधालय का शैक्षिक भ्रमण किया

विविध



मंगलवार को इस्माईल महिला पीजी कालेज के बीएड विभाग की शिक्षिकाओं संग छात्राओं ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्राओं ने लाइब्रेरी की व्यवस्था भी देखी • जागरण

## दैनिक जागरण

## दिनांक 15/03/22 को रिसर्च एवं डेवलपमेंट सेल और आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान मे शोध प्रविधि पर अतिथि व्याख्यान हुआ

### शोध प्रविधि पर अतिथियों ने रखे विचार

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज मेरठ की रिसर्च एवं डेवलपमेंट सेल व आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में शोध प्रविधि पर एक अतिथि व्याख्यान हुआ। शुभारंभ प्राचार्या डॉ. अनीता राठी द्वारा किया गया। रिसर्च डेवलपमेंट सेल की इंचार्ज डॉ. शिवाली अग्रवाल ने मुख्य वक्ता डॉ. अनु रस्तोगी का स्वागत किया।

### छात्राओं ने ली शोध विधियों की जानकारी

मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी की रिसर्च एवं डेवलपमेंट सेल और आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को शोध प्रविधि पर अतिथि व्याख्यान हुआ। अतिथि वक्ता डा. दीप्ति कौशिक ने छात्राओं को शोध संबंधी विधियों और तथ्यों की जानकारी दी। साथ ही प्लेगियरिज्म में किस प्रकार मौलिक लेखन का पहचाना जाता है। इसकी जानकारी भी दी। इस दौरान प्राचार्य डा. अनीता राठी और डा. शिवाली अग्रवाल भी उपस्थित रहीं। -जासं

## हिन्दुस्तान

## दिनांक 23/03/22 को स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 का आयोजन

### इस्माईल में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 का आयोजन



मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं समाजशास्त्र विभाग के तत्वावधान में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 आयोजित किया गया। इसमें नगर निगम मेरठ के चीफ दिलशाद हसन ने स्वच्छता पर व्याख्यान दिया। नगर निगम की एसबीएम पूनम गोयल अतिथि रहीं। डॉ. दीप्ती कौशिक, प्राचार्या डॉ. अनीता राठी ने उत्साहवर्धन किया।

## हिन्दुस्तान

## दिनांक 23/03/22 को शहीद दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**भाषण प्रतियोगिताः** इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में शहीद दिवस पर रंग दे बसंती कार्यक्रम हुआ। शहीद ए आजम भगत सिंह : एक व्यक्तित्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफ़ेसर अनीता राठी व मुख्य अतिथि महेश चंद्र गुप्ता, विद्या चंद्र जैन, डॉक्टर दीपेंद्र जैन एवं सरबजीत सिंह कपूर रहे।

## हिन्दुस्तान

**दिनांक 24/03/22 को चिकित्सा समिति एवं डायग्नोस्टिक्स सेंटर रेडक्लिफ लैब की ओर से निशुल्क जाच शिविर आयोजित किया गया**

### इस्माईल डिग्री कॉलेज में लगा जांच शिविर

मेरठ। इस्माईल कॉलेज में चिकित्सा समिति एवं डायग्नोस्टिक्स सेंटर रेडक्लिफ लैब की ओर से निशुल्क जांच शिविर आयोजित किया गया। शुभारंभ प्राचार्या प्रोफेसर अनीता राठी ने किया। चिकित्सा समिति प्रभारी सुमन मिश्रा, डॉ. पल्लव अग्रवाल और डायग्नोस्टिक्स सेंटर रेडक्लिफ लैब संस्था प्रमुख शालू का सहयोग रहा। संचालन एवं संयोजन आंचल सिंह एवं सुमन मिश्रा ने किया।

## हिन्दुस्तान

**दिनांक 25/03/22 को वाद - विवाद समिति एवं लाडो पंचायत ने सयुक्त रूप से जागरूकता अभियान**

### महिलाओं पर केंद्रित गालियों को रोकें

मेरठ। आईएन कॉलेज में वाद-विवाद समिति एवं लाडो पंचायत ने सयुक्त रूप से जागरूकता अभियान के तहत महिला केंद्रित गालियों पर रोकने लगाने की मांग की। सुनील जागलान, डॉ. वंदना भारद्वाज, डॉ. दीपा त्यागी, डॉ. सुमन मिश्रा, डॉ. अंजू बाला, डॉ. मीना तोमर, डॉ. नीलम शर्मा, डॉ. नीति चौहान मौजूद रहे।

## दैनिक जागरण

**दिनांक 29/03/22 को कोरोना काल मे मास मीडिया की प्रासगिकता पर चल वैज़यती संगोष्ठी हुई**

विविध



आरजी पीजी कालेज में विजेता छात्राओं को ट्राफी देती शिक्षिका • जागरण

### इस्माईल पीजी कालेज की टीम ने हासिल की ट्राफी

मेरठ : आरजी पीजी कालेज में समाजशास्त्र विभाग की ओर से कोरोना काल में मास मीडिया की प्रासंगिकता पर चल वैजयंती संगोष्ठी हुई। इसमें आरजी के अलावा डीएन, कनोहर लाल, इस्माईल कालेज के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में इस्माईल पीजी कालेज की टीम ने ट्राफी जीता। प्रथम स्थान इस्माईल कालेज की अनस को मिला। आरजी कालेज की आयुषी को दूसरा और आकांक्षा को तीसरा स्थान मिला। सांत्वना पुरस्कार डीएन कालेज की देवांशी को दिया गया। संयोजिका डा.सुमन रहीं। प्राचार्य डा. निवेदिता मलिक ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। -जासं

## दैनिक जागरण / अमर उजाला

**दिनांक 26/03/22 को करियर संभावनाए और ट्रेड इन इंगलिश विषय पर कार्यशाला हुई**

### अंग्रेजी विषय में रोजगार के भरपूर अवसर

मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के अंग्रेजी विभाग में शनिवार को मार्गदर्शन सत्र हुआ। इसमें छात्राओं को रोजगार संबंधी जानकारी जानकारी प्रदान की गई। मुख्य वक्ता मोदीनगर मुल्तानीमल कालेज के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डा. विपिन चंद्र पांडे ने छात्राओं को अंग्रेजी विषय से जुड़े रोजगार की जानकारी दी। इसमें शिक्षण, पत्रकारिता, प्रकाशन, अनुवाद और ललित कला शामिल है।

### अंग्रेजी में रोजगार परक अवसर बताए

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला महाविद्यालय में शनिवार को करियर संभावनाएं और ट्रेंड इन इंगलिश विषय पर कार्यशाला हुई। सत्र का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अनीता राठी एवं मुख्य अतिथि मुल्तानीमल कॉलेज के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. विपिन चंद्र पांडेय ने किया। डॉ. पांडेय ने छात्राओं को अंग्रेजी विषय में उपलब्ध रोजगारपरक अवसर एवं प्रवृतियों के विषय के बारे में बताया कि अंग्रेजी का अध्ययन छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों के लिए तैयार करता है। मीनू शर्मा मुख्य वक्ता को धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन एवं संयोजन डॉ. स्वर्णा, मीनू शर्मा, गौरव व लोकेश ने किया। ब्यूरो

**अमर उजाला / दैनिक जागरण / हिन्दुस्तान**

**दिनांक 30/03/22 को जागरूक नागरिक एसोसिएशन की ओर से पर्यावरण संरक्षण पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया**

my city # हम लोग




# बचाना है पर्यावरण तो बंद करें प्लास्टिक का उपयोग

**इस्माईल डिग्री कॉलेज में सिंगल यूज प्लास्टिक पर हुई संगोष्ठी**

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। आज हमारे देश में प्रत्येक व्यक्ति प्रतिवर्ष लगभग 12 किलो प्लास्टिक की वस्तुओं का उपयोग करता है। विश्व में यह 30 किलो प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष है। प्लास्टिक का उपयोग चिंताजनक है। ऐसा ही रहा तो पर्यावरण के लिए बहुत घातक परिणाम होंगे। यह बात इस्माईल कॉलेज में जागरूक नागरिक एसोसिएशन के महासचिव गिरीश शुक्ला ने कही। कॉलेज में पॉलिथीन व प्लास्टिक विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

गिरीश शुक्ला ने बताया कि हर मिनट दुनियाभर में 10 लाख पेयजल के लिए प्लास्टिक की बोतलें खरीदी जाती हैं। हर साल दुनिया में पांच लाख करोड़ सिंगल यूज प्लास्टिक के बैग इस्तेमाल होते हैं। प्लास्टिक का लंबा जीवन इंसानों के लिए अभिशाप साबित हो रहा है। पानी की बोतल, थाली, कप, गिलास, बैग, चम्मच, आदि प्लास्टिक के बने होते हैं।



इस्माईल कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम में प्लास्टिक का प्रयोग न करने की शपथ लेतीं शिक्षिकाएं व छात्राएं। अमर उजाला



प्राचार्य डॉ. अनीता राठी को सम्मानित करते अतिथि। अमर उजाला

प्लास्टिक का उपयोग अधिक बढ़ गया है, क्योंकि यूज एंड थ्रो की तरह इस्तेमाल में है। प्राचार्य डॉ. अनीता राठी ने बताया कि प्लास्टिक के कारण जो जल, जमीन और हवा को नुकसान पहुंचा रहा है। ऐसी प्लास्टिक का हमें उपयोग बंद करना चाहिए। प्लास्टिक की चीजें इस्तेमाल करके इधर-उधर फेंक दी जाती हैं। जब बारिश होती है तो यह बारिश के साथ बहकर नदियों और नालों में चली जाती हैं। उसके बाद समुद्र में चली जाती हैं। हजारों सालों तक समुद्र में पड़ी रहती हैं और इनमें से धीरे-धीरे जहरीले पदार्थ उत्पन्न होते हैं जो जल को तो प्रदूषित करते ही हैं, साथ ही समुद्री जीव प्लास्टिक को खाना समझकर खा लेते हैं। उनके फेफड़े व श्वांस की नली में प्लास्टिक फंस जाती है और उनकी मृत्यु हो जाती है। इससे जल जहरीला भी हो जाता है।

इसके बंद होने से पर्यावरण की रक्षा करने में सहायता होगी। मेजर सुनील शर्मा ने छात्राओं एवं शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। शिवराज सिंह, डॉ. रीना गुप्ता, प्रो पूजा रॉय, प्रो. आरके सिंघल, कैप्टन सीपीएस मौजूद रहे।

**10,00,000**
प्लास्टिक की बोतलें खरीदी जाती हैं पेयजल के लिए हर मिनट दुनियाभर में

## प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में बताया

मेरठ। इस्माईल गर्ल्स डिग्री कालेज में जागरुक नागरिक एसोसिएशन की ओर से पर्यावरण संरक्षण पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. अनीता राठी ने की। संचालन मुकेश शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि कमिश्नर सुरेंद्र सिंह रहे। कार्यक्रम में प्रो. आरके सिंघल, कैप्टन सीपीएस यादव, अशोक मांगलिक, पीएन पालिवाल, केएल, बत्रा, सोमपाल सिंह आदि रहे।

विविध

## पर्यावरण बचाने को प्लास्टिक प्रयोग छोड़ना ही होगा

मेरठ : पर्यावरण संरक्षण से ही हमारा जीवन सुरक्षित रहेगा। इसके लिए प्लास्टिक का उपयोग करना छोड़ना ही होगा। इस्माईल नेशनल पीजी कालेज में जागरूक एसोसिएशन की संगोष्ठी में यह बात वक्ताओं ने कही। एसोसिएशन के महासचिव गिरीश शुक्ला ने सिंगल यूज प्लास्टिक और प्लास्टिक के बोतल के बढ़ते उपयोग पर चिंता जताई। मुख्य अतिथि रि. मेजर



इस्माईल पीजी कालेज में गोष्ठी

**अमर उजाला / दैनिक जागरण / हिन्दुस्तान**

**दिनांक 30/03/22 को जागरूक नागरिक एसोसिएशन की ओर से पर्यावरण संरक्षण पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया**

my city # हम लोग




# बचाना है पर्यावरण तो बंद करें प्लास्टिक का उपयोग

**इस्माईल डिग्री कॉलेज में सिंगल यूज प्लास्टिक पर हुई संगोष्ठी**

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। आज हमारे देश में प्रत्येक व्यक्ति प्रतिवर्ष लगभग 12 किलो प्लास्टिक की वस्तुओं का उपयोग करता है। विश्व में यह 30 किलो प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष है। प्लास्टिक का उपयोग चिंताजनक है। ऐसा ही रहा तो पर्यावरण के लिए बहुत घातक परिणाम होंगे। यह बात इस्माईल कॉलेज में जागरूक नागरिक एसोसिएशन के महासचिव गिरीश शुक्ला ने कही। कॉलेज में पॉलिथीन व प्लास्टिक विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

गिरीश शुक्ला ने बताया कि हर मिनट दुनियाभर में 10 लाख पेयजल के लिए प्लास्टिक की बोतलें खरीदी जाती हैं। हर साल दुनिया में पांच लाख करोड़ सिंगल यूज प्लास्टिक के बैग इस्तेमाल होते हैं। प्लास्टिक का लंबा जीवन इंसानों के लिए अभिशाप साबित हो रहा है। पानी की बोतल, थाली, कप, गिलास, बैग, चम्मच, आदि प्लास्टिक के बने होते हैं।


इस्माईल कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम में प्लास्टिक का प्रयोग न करने की शपथ शिक्षिकाएं व छात्राएं। अमर उजाला


प्राचार्य डॉ. अनीता राठी को सम्मानित करते अतिथि। अमर उजाला

प्लास्टिक का उपयोग अधिक बढ़ गया है, क्योंकि यूज एंड थ्रो की तरह इस्तेमाल में है। प्राचार्य डॉ. अनीता राठी ने बताया कि प्लास्टिक के कारण जो जल, जमीन और हवा को नुकसान पहुंचा रहा है। ऐसी प्लास्टिक का हमें उपयोग बंद करना चाहिए। प्लास्टिक की चीजें इस्तेमाल करके इधर-उधर फेंक दी जाती हैं। जब बारिश होती है तो यह

**10,00,000**

**प्लास्टिक की बोतलें खरीदी जाती हैं पेयजल के लिए हर मिनट दुनियाभर में**

बारिश के साथ बहकर नदियों और नालों में चली जाती हैं। उसके बाद समुद्र में चली जाती हैं। हजारों सालों तक समुद्र में पड़ी रहती हैं और इनमें से धीरे-धीरे जहरीले पदार्थ उत्पन्न होते हैं जो जल को तो प्रदूषित करते ही हैं, साथ ही समुद्री जीव प्लास्टिक का खाना समझकर खा लेते हैं। उनके फेफड़े व श्वांस की नली में प्लास्टिक फंस जाती है और उनकी मृत्यु हो जाती है। इससे जल जहरीला भी हो जाता है।

इसके बंद होने से पर्यावरण की रक्षा करने में सहायता होगी। मेजर सुनील शर्मा ने छात्राओं एवं शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। शिवराज सिंह, डॉ. रीना गुप्ता, प्रो पूजा रॉय, प्रो. आरके सिंघल, कैप्टन सीपीएस मौजूद रहे।

## प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में बताया

मेरठ। इस्माईल गर्ल्स डिग्री कालेज में जागरुक नागरिक एसोसिएशन की ओर से पर्यावरण संरक्षण पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. अनीता राठी ने की। संचालन मुकेश शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि कमिश्नर सुरेंद्र सिंह रहे। कार्यक्रम में प्रो. आरके सिंघल, कैप्टन सीपीएस यादव, अशोक मांगलिक, पीएन पालिवाल, केएल, बत्रा, सोमपाल सिंह आदि रहे।

विविध

## पर्यावरण बचाने को प्लास्टिक प्रयोग छोड़ना ही होगा

मेरठ : पर्यावरण संरक्षण से ही हमारा जीवन सुरक्षित रहेगा। इसके लिए प्लास्टिक का उपयोग करना छोड़ना ही होगा। इस्माईल नेशनल पीजी कालेज में जागरूक एसोसिएशन की संगोष्ठी में यह बात वक्ताओं ने कही। एसोसिएशन के महासचिव गिरीश शुक्ला ने सिंगल यूज प्लास्टिक और प्लास्टिक के बोतल के बढ़ते उपयोग पर चिंता जताई। मुख्य अतिथि रि. मेजर


इस्माईल पीजी कालेज में गोष्ठी

**अमर उजाला**

**दिनांक 31/03/22 को साइबर अपराधियों से रहें सतर्क पर व्याख्यान**

## साइबर अपराधियों से रहें सतर्क

### इस्माईल कॉलेज में हुआ व्याख्यान, छात्राओं को दी जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। एक तरफ जहां डिजिटल युग में मनी ट्रांजेक्शन, डिज़िटल वॉलेट जैसी सुविधाएं बढ़ी हैं, वहीं, साइबर अपराध के खतरे भी बढ़ रहे हैं। कोई भी हैकर आपकी जीवनभर की कमाई कुछ ही सेकंड में उड़ा सकता है। ऐसे में बेहद सतर्क रहने की जरूरत है। यह बात पीएनबी के रिटायर्ड डीजीएम एसपी सिंह ने बृहस्पतिवार को इस्माईल कॉलेज में डिजिटल फाइनेंसियल लिटरेसी के व्याख्यान में कही।


कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. अनीता राठी व मुख्य वक्ता एसपी सिंह ने किया। एसपी सिंह ने कहा कि इंडिया को डिजिटल इंडिया बनाने के लिए डिजिटल टूल्स, डिजिटल लेन-देन की सुविधा, ग्राहकों की सुरक्षा आदि के बारे में जागरूकता पैदा करनी होगी। इनसे होने वाले नुकसानों, साइबर अपराध, चोरी व धोखाधड़ी आदि के बारे में जानना होगा। उच्चतर शिक्षा संस्थानों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व विक्रेताओं, दुकानदारों और अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के लिए साथ लेकर चलना होगा। प्रो. अनीता राठी ने छात्राओं को मनी मैनेजमेंट, क्रेडिट व डेबिट कार्ड्स का सही प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की संचालिका डॉ. स्वर्णा ने आभार व्यक्त किया। डॉ. सोनिया गुप्ता, डॉ. अंजू गुप्ता, डॉ. हेमा मसूद, डॉ. दीप्ति कौशिक, डॉ. दीपा त्यागी आदि मौजूद रहीं।

**हिन्दुस्तान**

**दिनांक 01/04/22 को रोवर्स रेंजर्स एवं राष्टीय सेवा योजना की ईकाईयों के संयुक्त तत्वावधान मे परीक्षा पर चर्चा**

### छात्राओं में दिखा उत्साह

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज मेरठ में रोवर्स रेंजर्स एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम, द्वितीय, तृतीय ईकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम हुआ। लाइव स्ट्रीमिंग से छात्राओं ने खुद को सहज बनाने का प्रयास किया।



## अमर उजाला

## दिनांक 05/04/22 को स्वयंसेविकाओं को स्वच्छता अपनाने का संकल्प अभियान चलाया

### इस्माईल कॉलेज में स्वच्छता अपनाने का संकल्प दिलाया

मेरठ। इस्माईल कॉलेज में मंगलवार को स्वच्छता अभियान चलाया लगा। कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा ने स्वयंसेविकाओं को स्वच्छता अपनाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि कुछ निर्धारित स्थलों को चुनकर वहां नियमित साफ-सफाई कराई जाए। प्राचार्य प्रोफेसर अनीता राठी ने स्वयंसेविकाओं का उत्साह बढ़ाया। संगीत विभाग की डॉ. सुमन लता शर्मा ने कई वाद्यों के बारे में बताया। उन्होंने वाद्य यंत्रों की उपयोगिता बताई। कॉलेज में संस्कृत विभाग की ओर से शरबत का वितरण किया गया। संवाद

## हिन्दुस्तान

## दिनांक 02/04/22 को सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम किया गया

### छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया

मेरठ। शनिवार को इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में कंप्यूटर लैब की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम किया गया। इसमें प्रशिक्षण हासिल करने वाली 70 छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



## अमर उजाला / हिन्दुस्तान / दैनिक जागरण

## दिनांक 06/04/22 को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

### इकरा ने बनाया सबसे अच्छा पोस्टर

मेरठ। इस्माईल कॉलेज में साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता साइबर सेल के उपनिरीक्षक राघवेंद्र सिंह, डॉ. दीपा त्यागी, रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की प्राचार्य डॉ. अनुप्रिया शर्मा, डीजे कॉलेज बड़ौत में शिक्षा विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कविता अग्रवाल, प्राचार्य प्रोफेसर अनीता राठी ने दीप जलाकर किया।

राघवेंद्र सिंह ने बताया कि मोबाइल पर विभिन्न संदेश आते हैं, इन्हें क्लिक करते ही मोबाइल का सभी डाटा साइबर अपराधियों के पास चला जाता है।




छात्राओं के पोस्टर देखतीं शिक्षिकाएं। संवाद

साइबर अपराध पर अंतर विभागीय पोस्टर प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में इकरा प्रथम, खुशी कश्यप द्वितीय, सायमा परवीन एवं निदा तृतीय रहीं। सांत्वना पुरस्कार कशिश और गीतांजलि सूद को दिया गया। संवाद

### साइबर अपराध से बचने के टिप्स दिए



मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज के बीएड विभाग द्वारा साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला व पोस्टर प्रतियोगिता हुई शुभारंभ आमंत्रित प्रभारी साइबर सेल मेरठ सब-इंस्पेक्टर राघवेंद्र सिंह रहे। डॉ. दीपा त्यागी, डॉ. अनुप्रिता शर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कविता अग्रवाल व महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर अनीता राठी ने उन्हें सम्मानित किया। मुख्य वक्ता ने साइबर अपराध की जानकारी दी।

### साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी

मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के बीएड विभाग में बुधवार को दो दिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी गई। साथ ही छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता में भी भाग लिया। मुख्य वक्ता साइबर सेल प्रभारी सब इंस्पेक्टर राघवेंद्र सिंह ने साइबर अपराध

**हिन्दुस्तान / अमर उजाला**

**दिनांक 06/04/22 को ऑनलाइन एजुकेशन एंड एलएमएस सेल मे ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम प्रकरण पर छह दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ**

### इस्माईल में छह दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

मेरठ। इस्माईल नेशनल कॉलेज में बुधवार को ऑन लाइन एजुकेशन एंड एलएमएस सैल द्वारा ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (मास्टर सॉफ्ट) पर छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आरंभ हुआ। प्राचार्या डा. अनीता, इंद्रजीत यादव, डॉ. सोनिया गुप्ता, प्राचार्या डॉ. अनीता राठी, डॉ. स्वर्णा, डॉ. अंजू गुप्ता, डॉ. स्वर्णा, डॉ. सोनिया गुप्ता, डॉ. अंजू गुप्ता मौजूद रहे।

mycity

न्यूज कैप्सूल

### ऑनलाइन शिक्षा के लिए हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में ऑनलाइन एजुकेशन एंड एलएमएस सैल द्वारा लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम पर छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अनीता राठी ने किया। रिसोर्स पर्सन इंद्रजीत यादव ने प्रथम दिन छात्र पंजीकरण, स्टूडेंट सेक्शंस अलॉटमेंट, टाइम स्लॉट क्रिएशन आदि का प्रशिक्षण कॉलेज की प्रवक्ताओं को दिया। सेल प्रभारी डॉ. स्वर्णा, डॉ. सोनिया गुप्ता, डॉ. अंजू गुप्ता आदि मौजूद रहीं। वहीं, कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। डॉ. ममता ने खेलों का महत्व बताया। इस दौरान शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष श्वेता शर्मा, इंदु गर्ग आदि मौजूद रहीं। ब्यूरो

**हिन्दुस्तान**

**दिनांक 11/04/22 को ऑनलाइन एजुकेशन एंड एलएमएस सेल मे ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम प्रकरण पर छह दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम का समापन**

### छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में सोमवार को ऑनलाइन एजुकेशन एंड एलएमएस सेल द्वारा ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम प्रकरण पर छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अनीता राठी ने कहा कि एलएमएस पोर्टल प्रवक्ताओं और छात्राओं के लिए समान रूप से मददगार साबित होगा। संचालन डॉ. स्वर्णा, डॉ. सोनिया गुप्ता, डॉ. अंजू गुप्ता ने किया।

**अमर उजाला**

**दिनांक 21/04/22 को संगीत विभाग मे दस दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ**

### छात्राओं को सिखाए तबला वादन के गुण

मेरठ। इस्माईल कॉलेज में संगीत विभाग ने एड-ऑन कोर्स में विभिन्न वाद्य यंत्रों एवं कत्थक कलाओं का प्रस्तुतिकरण विषय पर दस दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने किया। संगीत शिक्षक सचिन मोरवाल ने छात्राओं को तबला वाद्य के वर्णों का वर्णन, लय व प्रकार आदि की जानकारी दी। संयोजन एवं संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. रीना गुप्ता व पूजा शर्मा रही। इस दौरान डॉ. गरिमा, डॉ. श्वेता, लक्ष्मी आदि मौजूद रहे।

**अमर उजाला**

**दिनांक 16/04/22 को आजादी का अमृत महोत्सव की श्रंखला मे विश्व आवाज दिवस मनाया गया**

### जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को किया याद



[redacted] कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। संवाद

मेरठ। इस्माईल कॉलेज में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सत्याग्रह दिवस के अवसर पर शहीदों को याद किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. ममता सिंह ने जलियांवाला बाग हत्याकांड पर चर्चा की। उन्होंने शहीदों को नमन करते हुए बताया कि जलियांवाला बाग हत्याकांड को आज 103 वर्ष पूरे हो गए। प्राचार्य डॉ. अनीता राठी, डॉ. कविता गर्ग, छात्रा नाजमीन, कामना, हिमांशी, रानी साहिबा, सुमैय्या ने भी घटना पर विचार रखे।

### आवाज का महत्व बताया

मेरठ। इस्माईल कॉलेज में शनिवार को आजादी का अमृत महोत्सव की शृंखला में विश्व आवाज दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय कवि दिनकर, मैथिलीशरण गुप्त, सुभद्रा कुमारी चौहान की कविताओं का पाठ ओजपूर्ण शैली में किया। मनीषा सिंघल ने शब्दों की महत्वता बताई। डॉ. दीपा त्यागी ने कहा कि एक-एक शब्द की कीमत है। काव्य पाठ रेणु, स्वेता, अर्शी, तमन्ना ने किया। संवाद

### एकता में सिविल सेवा की अहम भूमिका

मेरठ। इस्माईल कॉलेज में आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय नागरिक दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम व द्वितीय इकाई के तत्वावधान में विचार गोष्ठी आयोजित की। अधिकारी आंचल सिंह व सुमन मिश्रा ने राष्ट्रीय नागरिक दिवस मनाए जाने के प्रमुख कारण व उद्देश्य बताए। इस दौरान डॉ. रीना गुप्ता, जितेंद्र आदि मौजूद रहे। संवाद

## अमर उजाला / हिन्दुस्तान / दैनिक जागरण

## दिनांक 22,23,25,27/04/2022 को संगीत विभाग की ओर से एड-ऑन कोर्स मे विभिन्न वाघ यंत्रो और कत्थक कलाओं के प्रस्तुतिकरण पर कार्यशाला आयोजित की गयी

### छात्राओं ने सीखा बांसुरी बजाना

मेरठ। इस्माईल कॉलेज के संगीत विभाग की ओर से एड-ऑन कोर्स में विभिन्न वाद्य यंत्रों और कत्थक कलाओं के प्रस्तुतिकरण पर कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इसके दूसरे दिन संगीत शिक्षक एवं संगीत निर्देशक ब्रिजेश कुमार ने सुषिर वाद्य बांसुरी के वर्णों का वर्णन किया। इसके साथ ही लय तथा सरल व जटिल अलंकार के बोलों को निकालने की तकनीक के बारे में बताया। बांसुरी पर राग पहाड़ी बजाया और छात्राओं से वादन के साथ गीतों की प्रस्तुति कराई। संयोजन विभागाध्ययक्ष डॉ. रीना गुप्ता ने किया। संचालन पूजा शर्मा ने किया। इस मौके पर डॉ. गरिमा, डॉ. श्वेता आदि मौजूद रहीं। संवाद

### छात्राओं ने सीखा ढोलक बजाना

मेरठ। इस्माईल कॉलेज में संगीत विभाग के तत्वावधान में एड-ऑन कोर्स में छात्राओं को ढोलक बजाना सिखाया गया। संगीत शिक्षक सचिन मोरवाल ने ढोलक पर कहरवा ताल के चलन को भजन, गीतों व पंजाबी में बजाने की कला सिखाई। संयोजन व संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. रीना गुप्ता व पूजा शर्मा ने किया। इस दौरान डॉ. गरिमा आदि मौजूद रही। ब्यूरो

### छात्राओं ने सीखी कहरवा ताल

आईएन कॉलेज के संगीत विभाग में एडऑन कोर्स के तहत विभिन्न वाद्य यंत्रों एवं कत्थक कलाओं के प्रस्तुतिकरण विषय पर जारी वर्कशॉप के चौथे दिन सचिन मोरवाल ने ढोलक पर कहरवा ताल सिखाई। सचिन, डॉ. रीना गुप्ता, पूजा शर्मा, डॉ. गरिमा, डॉ. श्वेता, लक्ष्मी, रवि शंकर एवं निक्की का सहयोग रहा।

### छात्राओं को दी कथक की जानकारी

मेरठ। इस्माईल कॉलेज में संगीत विभाग द्वारा ऐड-ऑन कोर्स के अंतर्गत विभिन्न वाद्य यंत्रों एवं कथक कलाओं का प्रस्तुतिकरण विषय पर दस दिवसीय कार्यशाला के पांचवें दिन संगीत शिक्षक एवं कथक नर्तक जयपुर घराने के पंडित रविशंकर गंगानी ने कथक के अंतर्गत ततकार व उसकी परिभाषा व कुछ हाथ की मुद्राओं की जानकारी दी। संयोजन व संचालन संगीत विभागाध्यक्षा डॉ. रीना गुप्ता व सहसंयोजन पूजा शर्मा ने किया। इस मौके पर डॉ. गरिमा, डॉ. श्वेता मौजूद रहीं। संवाद

### छात्राओं ने सीखी कथक मुद्राएं

मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के संगीत विभाग में एड आन कोर्स के अंतर्गत विभिन्न वाद्य यंत्रों और कथक कला का प्रस्तुतिकरण विषय पर कार्यशाला में सोमवार को जानकारी दी गई। संगीत शिक्षक और कथक नर्तक जयपुर घराने के पंडित रविशंकर गंगानी ने छात्राओं को कथक नृत्य में ततकार, परिभाषा, मुद्राओं की जानकारी दी। -जासं

### छात्राओं को सिखाई विष्णु वंदना की प्रक्रिया

मेरठ। इस्माईल कॉलेज में शनिवार को संगीत विभाग द्वारा एड-कोर्स के अंतर्गत विभिन्न वाद्य यंत्रों एवं कत्थक कलाओं के प्रस्तुतिकरण पर आयोजित दस दिवसीय कार्यशाला में रविशंकर गंगानी ने विष्णु वंदना की प्रक्रिया बताई। बनारस घराने के प्रमुख रचना प्रमेलू के बारे में समझाया। इसमें शुद्ध नृत्य और प्रक्षियों के बोल सम्मिलित किए जाते हैं। संयोजिका एवं संचालिका विभागाध्यक्षा डॉ. रीना गुप्ता व पूजा शर्मा रही। इस दौरान डॉ. गरिमा, डॉ. श्वेता आदि मौजूद रहीं। संवाद

**एक नजर में**

### छात्राओं ने जाने वाद्य यंत्र ड्रम के प्रकार

मेरठ : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज के संगीत विभाग में चल रहे एडआन कोर्स के अंतर्गत बुधवार को संगीतकार अमित मिश्रा ने छात्राओं को पाश्चात्य वाद्य यंत्र आक्टोपैड के बारे में बताया। जिसमें ड्रम के प्रकार स्टूल, बेस्ट ड्रम, स्नेयर ड्रम, फ्लोर ड्रम, राइट क्रैश, हाई येट सिंबल यंत्रों की जानकारी दी गई। साथ ही छात्राओं के साथ सुगम संगीत की महफिल सजाई। कार्यशाला का संयोजन और संचालन विभागाध्यक्ष

### वाद्य यंत्रों व कथक कलाओं का प्रस्तुतीकरण दिया

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज मेरठ के संगीत विभाग द्वारा एड कोर्स के अंतर्गत विभिन्न वाद्य यंत्रों व कथक कलाओं का प्रस्तुतीकरण विषय पर 10 दिवसीय कार्यशाला हुई। दसवें दिन संगीत शिक्षक जयपुर घराने के रविशंकर गंगानी द्वारा कत्थक नृत्य में विष्णु वंदना से छात्र-छात्राओं को शिक्षण देने की प्रक्रिया शुरू हुई। बनारस घराने के प्रमुख रचना प्रमेलू के बारे में छात्र-छात्राओं को समझाया। संयोजन एवं संचालन विभागाध्यक्षा डॉ. रीना गुप्ता व सह संयोजन पूजा शर्मा ने किया। डॉ. गरिमा, डॉ. श्वेता तथा निक्की का सहयोग रहा।

## अमर उजाला

## दिनांक 29/04/2022 को संगीत विभाग की ओर से एड-ऑन कोर्स मे विभिन्न वाघ यंत्रो और कत्थक कलाओं के प्रस्तुतिकरण पर कार्यशाला आयोजित की गयी

### छात्राओं ने जानीं कथक की बारीकियां

मेरठ। इस्माईल कॉलेज में संगीत विभाग की ओर से विभिन्न वाद्य यंत्रों एवं कत्थक कलाओं के प्रस्तुतीकरण विषय पर कार्यशाला के नौवें दिन कत्थक की बारीकियों के बारे में बताया गया। गुरु रविशंकर गंगानी ने छात्राओं को कत्थक में थाट-निकास के कुछ प्रकार एवं साधारण परण, चक्करदार परण, नौहक्का परण के बारे में बताया। संगीतकार अमित मिश्रा ने भारतीय संगीत उपकरण ढोलकी के प्रकार और विभिन्न प्रकार की तालों जैसे दादरा, खेमटा, दीपचंदी की जानकारी दी। संयोजिका एवं संचालिका विभागाध्यक्षा डॉ. रीना गुप्ता व पूजा शर्मा रहीं। संवाद

## अमर उजाला / दैनिक जागरण

## दिनांक 28/04/2022 को रसायन विभाग की छात्राओ ने गुरूवार को दीवान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का शैक्षिक भ्रमण किया

### छात्राओं ने देखी प्रदर्शनी

मेरठ। इस्माईल कॉलेज में रसायन विभाग की छात्राओं ने बृहस्पतिवार को दीवान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का शैक्षिक भ्रमण किया। छात्राओं ने प्रदर्शनी के जरिए गंदे पानी को कैसे साफ करें, स्मार्ट सिटी पर वर्किंग मॉडल जैसी नई-नई जानकारी ली। प्राचार्य अनीता राठी व रसायन विभागाध्यक्ष डॉ. रेनू अग्रवाल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्राओं में मानसिक विकास व आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। दीवान इंस्टीट्यूट की डायरेक्टर डॉ. शिल्पी बंसल ने सभी का धन्यवाद किया। संवाद

### छात्राओं ने सीखी नई-नई तकनीक

मेरठ : इस्माईल नेशनल पीजी कालेज के रसायन विज्ञान विभाग की छात्राओं ने गुरुवार को दीवान इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी का शैक्षिक भ्रमण किया। छात्राओं ने वहां लगी प्रदर्शनी में गंदे पानी को साफ करने की विधि, स्मार्ट सिटी का माडल सहित कई नई तकनीक की जानकारी ली। प्राचार्य डा. अनीता राठी ने कहा कि छात्राओं के लिए शैक्षिक भ्रमण लाभदायक होते है, और इससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। इस दौरान विभागाध्यक्ष डा. रेनू अग्रवाल भी मौजूद रहीं।

**अमर उजाला**

**दिनांक 05/05/22 को मिशन शक्ति के तृतीय चरण मे नारी सुरक्षा व सम्मान के लिए मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया**

### छात्राओं को सिखाए मार्शल आर्ट के गुर

मेरठ। इस्माईल कॉलेज में मिशन शक्ति के तृतीय चरण में नारी सुरक्षा व सम्मान के लिए मार्शल आर्ट की प्रशिक्षण दिया गया। सेल्फ डिफेंस ट्रेनर शारीरिक शिक्षा विभाग की श्वेता शर्मा ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं को मार्शल आर्ट के कई गुर सिखाए, जिससे वह अपनी सुरक्षा कर सके। कार्यक्रम का आयोजन नोडल अधिकारी डॉ. विनेता व सहायक नोडल अधिकारी डॉ. पूजा राय ने किया। इस अवसर पर डॉ. ममता मौजूद रहीं। संवाद

### प्रशिक्षण दिया

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में मिशन शक्ति के अंतर्गत मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण श्वेता शर्मा द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन नोडल अधिकारी डॉ. विनेता एवं सहायक नोडल अधिकारी डॉ. पूजा राय द्वारा किया गया।

**अमर उजाला**

**दिनांक 07/05/22 को मिशन शक्ति के अंतर्गत राष्टीय सेवा योजना मे स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम हुआ**

### स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

मेरठ। इस्माईल कॉलेज में मिशन शक्ति के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई द्वारा स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। प्रभारी सुमन मिश्रा ने छात्राओं को स्वच्छता संबंधित जानकारी दी। नोडल अधिकारी डॉ. विनेता ने भी सजग किया। संवाद

**हिन्दुस्तान**

**दिनांक 14/05/22 को अमृत महोत्सव श्रंखला के अंतर्गत अन्तराष्टीय परिवार दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का शुभारम्भ**




## भाषण प्रतियोगिता

मेरठ। इस्माईल नेशनल कालेज में अमृत महोत्सव शृंखला के अंतर्गत अन्तर्राष्ट्रीय परिवार दिवस पर 'बदलते परिवेश में परिवारों की भूमिका एवं दायित्व' विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई। शुभारम्भ प्राचार्या प्रो. अनीता राठी ने किया। प्रतियोगिता में 61 छात्राओं ने हिस्सा लिया।

**हिन्दुस्तान**

**दिनांक 10/05/22**

शहीद क्रांतिकारियों की याद दिल में हमेशा रहनी चाहिए। युवा पीढ़ी को आजादी के दीवानों के बारे में बताएं, उनसे प्रेरणा लेने को प्रेरित करें।
– डॉ. दिशा दिनेश, महानगर महामंत्री, संस्कार भारती महानगर



## अमर उजाला / हिन्दुस्तान / दैनिक जागरण

## दिनांक 19/05/22 मे छात्राओ को मुख्य अतिथि एमएलसी सरोजिनी अग्रवाल ने टेबलेट - स्मार्टफ़ोन वितरित किए



इस्माईल पीजी कॉलेज में छात्राओं को टैबलेट-स्मार्ट फोन वितरित किए गए। संवाद

माई सिटी रिपोर्टर

**मेरठ/मोदीपुरम।** इस्माईल कॉलेज में बृहस्पतिवार को मुख्य अतिथि एमएलसी सरोजिनी अग्रवाल ने टैब्लेट-स्मार्टफोन वितरित किए गए। बीए, बीएससी व बीकॉम तृतीय वर्ष और एमए-एमकॉम द्वितीय वर्ष की 175 छात्राओं को टैबलेट व 787 छात्राओं को स्मार्टफोन दिए गए। प्राचार्या प्रो. अनीता राठी, नोडल अधिकारी डॉ. ममता सिंह, डॉ. दीपा त्यागी, डॉ. कविता गर्ग, डॉ. मनी भारद्वाज, डॉ. निशा गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

**मेरठ** : इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में गुरुवार को छात्राओं को मोबाइल फोन और टैबलेट का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि एमएलसी सरोजनी अग्रवाल ने कालेज की संस्थागत 175 छात्राओं को टैबलेट और 787 छात्राओं को मोबाइल फोन प्रदान किए। प्राचार्य डा. अनीता राठी ने कहा कि आज का युग इंटरनेट और संचार का युग है। कई बार छात्र छात्राएं आर्थिक कमी के कारण आगे नहीं बढ़ पाते हैं। ऐसे में सरकार की टैबलेट और स्मार्टफोन योजना एक अत्यंत लाभकारी योजना हैं । नोडल अधिकारी डा. ममता सिंह ने छात्राओं को मोबाइल और एप की जानकारी दी। दीपा त्यागी, डा. कविता गर्ग, डा. मनी भारद्वाज और डा. निशा गुप्ता भी उपस्थित रहीं।

आईएन महिला पीजी कॉलेज में नोडल अधिकारी डॉ.ममता सिंह के निर्देशन में स्मार्टफोन बांटे गए। एमएलसी डॉ.सरोजनी अग्रवाल, प्राचार्या प्रो. अनीता राठी, दीपा त्यागी, डॉ. कविता गर्ग, डॉ. मनी भारद्वाज, डॉ. निशा गुप्ता मौजूद रहीं।

## अमर उजाला

## दिनांक 17/05/22 को बीएड छात्राओ ने पौष्टिक आहार जागरूकता कार्यक्रम किया

### संतुलित आहार के लाभ बताए

**मेरठ।** इस्माईल कॉलेज की बीएड छात्राओं ने इस्माईल इंटर कॉलेज में पौष्टिक आहार जागरूकता कार्यक्रम किया। शुभारंभ बीएड विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. वंदना भारद्वाज ने किया। मुख्य वक्ता चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीत कुमार ने छात्राओं को फास्ट फूड के नुकसान व संतुलित आहार के लाभ से अवगत कराया। इस दौरान इस्माईल इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य, अकांक्षा, लायबा, प्रज्ञा मौजूद रही। ब्यूरो

**दैनिक जागरण / हिन्दुस्तान**

**दिनांक 28/05/22 को बीएड विभाग की ओर से सामुदायिक कार्य के अंतर्गत छात्राओ व अध्यापिकाओ ने कॉलेज के सामने शीतल पेयजल सेवा की**

एक नजर में



इस्माइल डिग्री कालेज की छात्राओं ने राहगीरों को शीतल पेयजल वितरित किया •

**बीएड की छात्राओं ने राहगीरों को पिलाया शीतल पेय**

मेरठ : इस्माइल नेशनल महिला पीजी कालेज के बीएड विभाग की ओर से सामुदायिक कार्य के अंतर्गत द्वितीय वर्ष की छात्राओं व अध्यापिकाओं ने कालेज के सामने शीतल पेयजल सेवा की। इसका आरंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने किया। कार्यक्रम संचालिका डा. अंजू बाला के अनुसार छात्राओं ने राह चलते लोगों को ठंडा पानी पिलाया और सभी को डिस्पोजेबल ग्लास डस्टबिन में डालने के लिए प्रेरित किया।

**बुढ़ाना गेट पर छात्राओं ने बांटा शर्बत**

मेरठ। इस्माईल डिग्री कॉलेज की बीएड छात्राओं ने शनिवार दोपहर कालेज गेट के बाहर प्याऊ लगाकर लोगों को शर्बत बांटा। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. अंजू बाला राजपूत, डॉ. वंदना भारद्वाज, प्राचार्य डॉ.अनीता राठी रहीं।

**अमर उजाला**

**दिनांक 27/05/22 को रेंज़र्स समिति की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया**

**सड़क पर सुरक्षा के लिए जागरूक किया**

मेरठ। इस्माईल कॉलेज में शुक्रवार को रेंजर्स समिति की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पोस्टरों के माध्यम से बताया गया कि कुछ नियमों का पालन कर सड़क पर सुरक्षित सफर किया जा सकता है। संवाद

## अमर उजाला

## दिनांक 02/06/22 को रसायन विभाग व क्लब 60 की ओर से 100 पौधे लगाए गए

### क्लब 60 ने इस्माईल कॉलेज में लगाए 100 पौधे

मेरठ। इस्माईल कॉलेज में रसायन विभाग व क्लब 60 की ओर से 100 पौधे लगाए गए। क्लब के ब्रांड एंबेसडर विश्नोई ने पर्यावरण से संबंधित प्रश्नोत्तरी कराई। जिसमें मनीषा, ईशा और बावता को प्रमाण पत्र दिए गए। प्राचार्य अनीता राठी ने कहा कि सिर्फ पौधे लगाने की जिम्मेदारी ही नहीं बल्कि उनकी देखभाल भी जरूरी है। इस दौरान विभागाध्यक्ष डॉ. निशा व प्रियंका आदि मौजूद रही। संवाद

## दैनिक जागरण / अमर उजाला

## दिनांक 31/05/22 को अनुशासन परिषद् एवं एंटी रैंगिंग समिति का सत्र समापन कार्यक्रम हुआ

### एंटी रैगिंग समिति के सदस्यों को सम्मानित किया

मेरठ। इस्माईल कॉलेज में मंगलवार को अनुशासन परिषद् एवं एंटी रैगिंग समिति के सदस्यों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. पूनम गर्ग ने किया। असिस्टेंट चीफ प्रॉक्टर डॉ. दीपा त्यागी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। समिति की सदस्यों को प्रमाणपत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। ब्यूरो

### रैगिंग समिति का सत्र समापन

: इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में मंगलवार को अनुशासन परिषद और एंटी रैगिंग समिति का सत्र समापन कार्यक्रम हुआ। असिस्टेंट चीफ प्राक्टर डा. दीपा त्यागी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, और वर्ष भर कार्य करने वाली प्रीफेक्ट्स को प्राचार्य डा. अनीता राठी ने प्रमाण पत्र और ट्राफी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संयोजन और संचालन चीफ प्राक्टर डा. हुमा मसूद ने किया। इस दौरान डा. शिवाली अग्रवाल, डा. ममता और डा. पूजा राय भी मौजूद

ESTD 1962

# ISMAIL NATIONAL MAHILA (P.G.) COLLEGE, MEERUT

**(Affiliated to C.C.S. University, Meerut)**
**Re-accredited by NAAC with A Grade in 2nd Cycle 2015**
**ISO Certified 9001:2015; ISO Certified 14001:2015**

## अमर उजाला / हिन्दुस्तान

## दिनांक 04/06/22 को समाजशास्त्र विभाग मे गेट-टू-गेदर पार्टी का आयोजन किया गया



इस्माईल कॉलेज में विजेता छात्राओं के साथ शिक्षिकाएं। संवाद

### साधना मिस फेयरवेल, शाहीन बनीं मिस फ्रेशर

मेरठ। इस्माईल कॉलेज में शनिवार को समाजशास्त्र विभाग द्वारा गेट टू गेदर पार्टी का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने किया। एमए द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने एमए प्रथम वर्ष की छात्राओं का स्वागत किया।

इस मौके पर एमए प्रथम वर्ष की छात्राओं ने अंतिम वर्ष की छात्राओं को विदाई दी। फरहा, गुलबहार, सपना आदि छात्राओं का नृत्य देखकर दर्शकों ने तालियों से उनके उत्साह बढ़ाया। एमए द्वितीय वर्ष की छात्रा साधना को मिस फेयरवेल चुना गया। मिस फ्रेशर शाहीन बनीं। फरहा, गुलबहार को ऑल राउन्डर चुना गया। विभागाध्यक्ष डॉ. दीप्ति कौशिक ने छात्राओं को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम की संचालन शाहीन रही। डॉ. पूजा राय गोल्डी और ज्योति भड़ाना का सहयोग रहा। संवाद

### इस्माईल नेशनल में में गेट-टू-गेदर



मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में गेट-टू-गेदर हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रो. अनीता राठी ने किया। एमए द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने एमए प्रथम वर्ष की छात्राओं का स्वागत, एमए प्रथम वर्ष की छात्राओं ने अंतिम वर्ष की छात्राओं को विदाई दी। वहीं छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर डॉ. दीप्ति कौशिक, डॉ. पूजा राय गोल्डी, ज्योति भड़ाना का सहयोग रहा।

ESTD 1962
# ISMAIL NATIONAL MAHILA (P.G.) COLLEGE, MEERUT
(Affiliated to C.C.S. University, Meerut)
Re-accredited by NAAC with A Grade in 2nd Cycle 2015
ISO Certified 9001:2015; ISO Certified 14001:2015

**हिन्दुस्तान**

**दिनांक 07/06/22 को पर्यावरण सुरक्षा व आरोग्य जीवन मे पौधो के महत्व को बताया**

## इसमाईल कॉलेज में ग्रीन हाउस बनाया



मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में ग्रीन हाउस बनाया गया और आरोग्य वाटिका व नवग्रह वाटिका बनाने की तैयारी भी शुरु की गई। इसके अलावा एक स्वयंसेविकाओं की एक टीम भी बनाई गई। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. ममता सिंह ने पर्यावरण सुरक्षा व आरोग्य जीवन में पौधों के महत्व को बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. रेनू अग्रवाल, डॉ. कविता गर्ग, डॉ. अंजू गुप्ता, डॉ. मनी महाजन, डॉ. निशा गुप्ता रही।

**अमर उजाला**

**दिनांक 07/06/22 को क्षमता निर्माण कौशल विकास कार्यक्रम के तहत कंप्यूटर मे नए रुझान नामक दस दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया**

## इस्माईल कॉलेज में कंप्यूटर का महत्व बताया

मेरठ। इस्माईल कॉलेज के उर्दू विभाग में मंगलवार को क्षमता निर्माण कौशल विकास कार्यक्रम के तहत कंप्यूटर में नए रुझान नामक दस दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने किया। कंप्यूटर विशेषज्ञ मो. अब्दुल्लाह ने कंप्यूटर की आवश्यकता और महत्व के बारे में बताया। संवाद



## दैनिक जागरण

## दिनांक 13/06/22 को रसायन विज्ञान विभाग मे पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ

युवा जागरण



### छात्राओं को बांटे औषधीय पौधे

इस्माईल पीजी कालेज के रसायन विज्ञान विभाग में सोमवार को पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। विभागाध्यक्ष डा. रेनू अग्रवाल ने 50 छात्राओं को तुलसी के पौधे, स्नेक प्लांट और नीम के पौधे दिए। पर्यावरण समिति के अध्यक्ष डा. अमित जैन व डा. निशा गुप्ता और मनी का सहयोग रहा • जागरण

## हिन्दुस्तान

## दिनांक 09/06/22 को अर्थशास्त्र विभाग मे बिरसा मुंडा शहीदी दिवस पर उनके योगदान को याद किया गया

### याद किया बिरसा मुंडा का योगदान

मेरठ। आईएन कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग में बिरसा मुंडा शहीदी दिवस पर उनके योगदान को याद किया गया। संयोजिका डॉ. ममता ने कहा कि कि जमींदारों एवं बाहरी लोगों ने जब भी जनजाति लोगों के आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक व्यवस्था में हस्तक्षेप करने का प्रयास किया गया, तब ही आदिवासी जनजाति ने अपनी आजादी के लिए आवाज उठाई। प्रो. अनीता राठी, डॉ. बबीता शर्मा, डॉ. कविता गर्ग, श्वेता मौजूद रहीं।

## अमर उजाला

## दिनांक 13/06/22 को उर्दू विभाग मे क्षमता निर्माण कौशल विकास कार्यक्रम के सातवे दिन उर्दू कंप्यूटर मे न्यू ट्रेड्स नामक कार्यक्रम हुआ

### फाइल को पीडीएफ में बदलना सिखाया

मेरठ। इस्माईल कॉलेज़ में बुधवार को उर्दू विभाग में क्षमता निर्माण कौशल विकास के तहत उर्दू कंप्यूटर में न्यू ट्रेंड्स का सत्र रहा। इसमें कंप्यूटर विशेषज्ञ मोहम्मद अब्दुल्ला ने उर्दू टाइपिंग के बारे में बताया। इसके साथ ही टाइप किए किए मैटर की फाइल को पीडीएफ में कनवर्ट करना बताया। हिंदी विभाग से डॉ. दीपा त्यागी ने विशेष व्याख्यान में वर्तमान युग में ई-पाठशाला के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि ई-पाठशाला ने कोरोना काल में काफी मदद की। संवाद

### छात्राओं को दी टाइपिंग की जानकारी

मेरठ। इस्माईल कॉलेज में उर्दू विभाग की ओर से सोमवार को क्षमता निर्माण कौशल विकास कार्यक्रम के सातवें दिन उर्दू कंप्यूटर में न्यू ट्रेंड्स नामक कार्यक्रम हुआ। कंप्यूटर विशेषज्ञ मो. अब्दुल्ला ने टाइपिंग के लिए उर्दू कंप्यूटर की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डाला। छात्राओं को उर्दू में फाइनल बनाना सिखाया गया। अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. स्वर्णा ने ई-मेल का वर्तमान समय में महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य प्रो. अनीता राठी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का निर्देशन फराह नाज ने किया। इस दौरान अरीबा, सोफिया, जाकिया, निशा मौजूद रही। वहीं रसायन विभाग ने बीएससी विभाग को 50 पौधे भेंट किए। संवाद

## अमर उजाला / दैनिक जागरण

## दिनांक 16/06/22 को उर्दू विभाग मे क्षमता निर्माण कौशल विकास कार्यक्रम के तहत उर्दू कंप्यूटर मे नए रूझान शीर्षक से दस दिवसीय कार्यशाला का समापन

### उर्दू भाषा और उसके प्रयोग के बारे में दी जानकारी

मेरठ। इस्माईल कॉलेज के उर्दू विभाग में क्षमता निर्माण कौशल विकास के तहत उर्दू कंप्यूटर में नए रुझान शीर्षक का दस दिवसीय सत्र का समापन हो गया। प्राचार्य अनीता राठी ने कहा कि उर्दू बहुत मीठी भाषा है। इन दिनों में जो सीखा है, उसे आने वाले जीवन में उर्दू भाषा के साथ प्रयोग करें। कंप्यूटर विशेषज्ञ मोहम्मद अब्दुल्ला ने उर्दू कंप्यूटर की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने उर्दू को किसी भी सॉफ्टवेयर, एमएस, पॉवरपॉइंट आदि में टाइप और डिजाइन करना सिखाया।

विशेष वक्ता सीसीएसयू के उर्दू विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर असलम जमशेदपुरी ने कहा कि उर्दू को शिक्षा का माध्यम बनाकर आप एक अच्छी नौकरी पा सकते हैं। यूएनओ द्वारा उर्दू को भी मान्यता दी गई है। संचालिका डॉ. इफ्फत जकिया ने कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत की। डॉ. हुमा मसूद ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर उर्दू कैप्सूल पाठ्यक्रम की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान डॉ. स्वर्णा, डॉ. इरशाद सियानवी, फरहा

### युवाओं का भविष्य संवार सकती है उर्दू भाषा : प्राचार्य

मेरठ: इस्माईल पीजी कालेज के उर्दू विभाग में क्षमता निर्माण कौशल विकास कार्यक्रम के तहत उर्दू कंप्यूटर में नए रुझान शीर्षक से दस दिवसीय कार्यशाला का समापन गुरुवार को हुआ। प्राचार्य डा. अनीता राठी ने कहा कि उर्दू बहुत मीठी भाषा है, कार्यशाला में जो सीखा छात्राएं उसे जीवन में उतारने का प्रयास करें। चौधरी चौधरी चरण सिंह विवि उर्दू विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. असलम जमशेदपुरी ने कहा कि उर्दू विकसित भाषाओं से किसी प्रकार कम नहीं है। उर्दू को शिक्षा का माध्यम बनाकर युवा अच्छी नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। विभागाध्यक्ष डा. हुमा मसूद ने कहा कि वह भाषा हमेशा जीवित रहती है, आने वाले परिवर्तनों को अवशोषित कर सकती है। इस दौरान उर्दू कैप्सूल पाठ्यक्रम की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसमें बीए तृतीय वर्ष की बुशरा मलिक प्रथम, बीए तृतीय वर्ष की शबाना परवीन दूसरे और बीए प्रथम वर्ष की जीनत तीसरे स्थान पर रहीं।

**अमर उजाला**

**दिनांक 15/06/22 को रसायन विभाग ने इंटरनेशनल एल्डर डे पर ऑनलाइन वेबिनार किया**

### इस्माईल कॉलेज में हुआ वेबिनार

मेरठ। इस्माईल कॉलेज के रसायन विभाग ने इंटरनेशनल एल्डर डे पर ऑनलाइन वेबिनार किया। शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर अनीता राठी ने किया। उन्होंने बताया कि हमें हर दिन को उस दिन सेलिब्रेट नहीं करना चाहिए, बल्कि दिल और भावना से उसको रोज अपनी आदत बनानी चाहिए। मुख्य अतिथि क्लब 60 के डायरेक्टर हरि विश्नोई व महेश रस्तोगी रहे। उन्होंने बताया कि 2015 में क्लब सिटी शुरू किया था। क्लब में 60 पिक्चर देखी थी, जिससे मोटिवेट होकर अपने क्लब-60 की नींव रखी। हरिप्रसाद जी ने बताया की क्लब 60 में गरीबों के शिक्षा, पर्यावरण, जल संरक्षण, योगा, हेल्थ सुरक्षा, वेस्ट मैनेजमेंट और बहुत सारे विषय पर काम करती है।संयोजिका डॉ. रेनू अग्रवाल ने बताया बुजुर्गों और बच्चों की सेवा करना उनका बचपन का पैशन है। इस दौरान डॉ. उमा मसूद, मनी महाजन, डॉ. सोनिया गुप्ता आदि रहीं। संवाद

**हिन्दुस्तान / अमर उजाला**

**दिनांक 14/06/22 को विश्व रक्त दान दिवस के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया**

### लोगों को किया जागरूक

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में विश्व रक्त दान दिवस के अवसर पर 'आजादी के अमृत महोत्सव' के अन्तर्गत विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. पल्लव अग्रवाल ने छात्राओं को रक्त के महत्व एवं रक्तदान के बारे में विस्तार से बताया। प्राचार्या प्रो0 अनीता राठी ने रक्तदान करने के लिये छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी आंचल सिंह ने किया।

### रक्तदान के लिए किया प्रेरित

इस्माईल कॉलेज में विश्व रक्तदान दिवस पर विचार गोष्ठी हुई। मुख्य वक्ता डॉ. पल्लव अग्रवाल ने छात्राओं को रक्तदान के बारे में बताया।

18 से 65 वर्ष की आयु वर्ग के लोग रक्तदान कर सकते हैं। आंचल सिंह ने बताया कि 14 जून को रक्तदान दिवस मनाया जाता है।

**अमर उजाला / हिन्दुस्तान**

**दिनांक 17/06/22 को हिंदी विभाग मे एमए की छात्राओ का विदाई समारोह हुआ**

न्यूज कैप्सूल

### अर्शी बनीं मिस फेयरवेल

मेरठ। इस्माईल कॉलेज में शुक्रवार को हिंदी विभाग की छात्राओं का विदाई समारोह हुआ। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी और हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. दीपा त्यागी ने किया। अर्शी को मिस फेयरवेल बनाया गया। एमए द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने सभी शिक्षिकाओं के प्रति अपने हृदयोदगार को सुंदर शब्दों में प्रस्तुत किया। एमए प्रथम वर्ष की छात्राओं ने द्वितीय वर्ष की छात्राओं को मनोरंजक खेल खिलाएं। संवाद

### छात्राओं ने प्रस्तुति से मन मोहा



शुक्रवार को इस्माइल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम मौजूद छात्राएं।

मेरठ। इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालेज में एमए की छात्राओं का विदाई समारोह हुआ, जिसमें छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनीता राठी व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. दीपा त्यागी ने किया। सोन, शालू नें हरियाणवी गीतों पर प्रस्तुति दी। वहीं मनीषा ने लोक गीतों पर प्रस्तुति देकर सभी को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। साथ ही मीतू कंसल ने भी सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें सोनम विजयी रहीं।

**अमर उजाला**

**दिनांक 19/06/22 को रीडिंग मिशन 2022 के तहत हिंदी विभाग की ओर से काव्य पाठ किया गया**

### छात्राओं ने कविताएं सुनाईं

मेरठ। इस्माईल कॉलेज में रीडिंग मिशन 2022 के तहत हिंदी विभाग की ओर से काव्य पाठ किया गया। छात्राओं ने सुभद्रा कुमारी चौहान, महादेवी वर्मा, जयशंकर प्रसाद जैसे कविओं की कविताएं सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भवानी प्रसाद मिश्र की कविता सतपुड़ा के घने जंगल... सुमैया और साक्षी ने राम की शक्ति पूजा... जैसी कविताएं सुनाईं। कार्यक्रम में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. दीपा त्यागी ने छात्राओं को पठन कौशल का महत्व बताया। इस मौके पर सुमन मिश्रा एवं डाक्टर नेहा सिंह ने भी काव्य पाठ किया। संवाद

ESTD 1962

# ISMAIL NATIONAL MAHILA (P.G.) COLLEGE, MEERUT

(Affiliated to C.C.S. University, Meerut)
Re-accredited by NAAC with A Grade in 2nd Cycle 2015
ISO Certified 9001:2015; ISO Certified 14001:2015

**अमर उजाला**

**दिनांक 24/06/22 को पढाई के साथ छात्राओ के सर्वागीण विकास पर जोर**



amarujala.com

Campus | my city | अम

## स्माईल गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर जोर

न्यूज एजेंसी

इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज क साथ छात्राओं के सर्वांगीण विकास ध्यान दे रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के त र 4 ल स

अमर उजाला मिशन एडमिशन

है। छात्राओं के लिए जिम की सुविधा मरी स्कूल से शुरू हुआ यह कॉलेज ल मेरठ सहित आसपास के जिलों में छाप छोड़े हुए है।

ाईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज की 1909 में उर्दू के ख्याति प्राप्त शायर ज सेवी मोहम्मद इस्माईल मेरठी ने की

### प्राइमरी स्कूल से शुरू हुआ था कॉलेज, यूजी-पीजी में 14 कौशल विकास कोर्स

प्रो. अनीता राठी।

थी। 1940 में यह एक हाईस्कूल के रूप में संचालित किया गया। इसके बाद 1952 में इंटरमीडिएट और 1962 में डिग्री कॉलेज की मान्यता दी गई। कॉलेज में बीए, बीकॉम, बीएससी पीसीएम, बीएड और एमए में प्रवेश के विकल्प है। महाविद्यालय की ओर से छात्राओं को ट्रैक सूट, उपकरण और प्रोटीन दिया जाता हैं और खेल में भाग लेने के दौरान टीए और डीए दिया जाता है।

इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज। अमर उजाला

कॉलेज में पर्यावरण बचाने के लिए सोलर ऊर्जा और वॉटर हार्वेस्टिंग प्लांट भी उपलब्ध है। कैंपस में जगह की उपलब्धता न होते हुए भी ग्रीन हाउस तैयार किया गया। दिव्यांग छात्राओं के लिए लिफ्ट की व्यवस्था है। प्राचार्य अनीता राठी ने बताया कि छात्राओं की मासिक धर्म स्वच्छता को देखते हुए कॉलेज में वेंडिंग मशीन लगाई गई। छात्राओं को नए-नए विषयों जैसे ट्रांसजेंडर, मासिक धर्म आदि पर रीसर्च के लिए प्रेरित किया जा है। छात्राओं के लिए निशुल्क कंप्यूटर क्लास चलती हैं। कैंपस में वाई-फाई की सुविधा है। रोवर रेंजर, एनसीसी, स्मार्ट क्लास, काउंसिलिंग लैब इत्यादि की सुविधा है।

### सीसीएसयू में हुए 2094 रजिस्ट्रेशन

सीसीएसयू कैंपस और कॉलेजों में शुक्रवार शाम तक 2094 छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन किए हैं। सबसे ज्यादा रजिस्ट्रेशन बीए में 1130 किए गए हैं। यूजी के 30 से अधिक कोर्सों में रजिस्ट्रेशन www.ccsuniversity.ac.in और www.ccsuweb.in वेबसाइट पर किए जा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन शुल्क 115 रुपये है।

**सीटों का ब्योरा**

| विषय | सीटें |
|---|---|
| बीए | 640 |
| बीकॉम | 80 |
| बीएससी पीसीएम | 160 |
| बीएड | 100 |
| एमए हिंदी | 60 |
| एमए अंग्रेजी | 60 |
| एमए उर्दू | 60 |
| एमए संस्कृत | 60 |
| एमए समाजशास्त्र | 60 |
| एमए राजनीति विज्ञान | 60 |
| एमए अर्थशास्त्र | 60 |
| एमए मनोविज्ञान | 20 |
| एमए म्यूजिक | 20 |
| एमए ड्राइंग | 20 |